

चार पत्रकारों के द्वारा पत्रकार का हक पर खेला जा रहा फर्जीवाड़े का खेल ऋषि शुक्ला जिम्मेदार मौन...?

दैनिक

# भास्कर दूत

हर ख़बर पर नज़र

दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित

डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/68/2022-24

web- www. bhaskardoot.com









◆ वर्ष-11 ◆ अंक - 273 रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित ◆ RNI-CHHHIN/2014/55697 ◆ रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024 ◆ पृष्ठ-8 ◆ मूल्य - 02 रुपये


## चीन के मकड़जाल से बाहर निकलने श्रीलंका और नेपाल दिखा रहे भारत के इंफ्रा प्लेटफॉर्म 'गतिशक्ति' में रुचि

**नई दिल्ली।** भारत में बुनियादी ढांचे को विकसित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए PM Gati Shakti को अपनाने के लिए नेपाल और श्रीलंका नई दिल्ली के साथ चर्चा कर रहे हैं. PM Gati Shakti के तीन साल पहले लॉन्च होने के बाद से ?15 लाख करोड़ से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 अक्टूबर, 2021 को नई दिल्ली में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए गतिशक्ति ङ्क राष्ट्रीय मास्टर प्लान लॉन्च किया था. इसका दायरा देश-प्रदेश से बढ़कर अब अंतरराष्ट्रीय स्तर का होने जा रहा है. और इसका सबसे पहला फायदा उठाने की फिराक में पड़ोसी देश श्रीलंका और नेपात हैं, जो स्वयं चीन के बेल्ट एंड रोड (बीआरआई) प्रोजेक्ट के दलदल में धंसे हुए हैं.

उद्योग सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि प्रस्ताव विचाराधीन हैं, और नेपाल जहां परियोजना-विशिष्ट कार्यान्वयन में रुचि रखता है, वहीं श्रीलंका अपने पूरे सिस्टम में पीएम गतिशक्ति को लागू करने में रुचि रखता है. भाटिया ने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों को उनकी बुनियादी ढांचा परियोजना नियोजन में सुधार करने में सहायता करने के लिए तैयार है, जो पूरक होगा.




केंद्र और राज्य स्तर पर बड़े पैमाने की परियोजनाओं के कार्यान्वयन के बाद, सरकार जिला-स्तरीय परियोजना नियोजन के लिए उपकरण का उपयोग करने की योजना बना रही है. भाटिया ने कहा, पिछले तीन वर्षों में, हमने 15.39 लाख करोड़ रुपये की 208 परियोजनाओं की योजना बनाने के लिए पीएम गतिशक्ति का उपयोग किया है. डीपीआईआईटी के अनुसार, इस प्रणाली का उपयोग अब 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा किया जा रहा है. पिछले तीन वर्षों में, 44 केंद्रीय मंत्रालयों को योजना प्रणाली में एकीकृत किया गया है, जिसमें आठ बुनियादी ढांचा मंत्रालय, 16 सामाजिक क्षेत्र मंत्रालय, 15 आर्थिक मंत्रालय और पांच अन्य शामिल हैं. डीपीआईआईटी के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, 1,614 प्रभावशाली डेटा लेयर्स को शामिल किया गया है, जिसमें 726 विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा और 888 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा योगदान दिया गया है. ये सहयोगी प्रयास प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की अधिक कुशल योजना, निष्पादन और निगरानी को बढ़ावा दे रहे हैं. कई बुनियादी ढांचा मंत्रालय पीएम गतिशक्ति प्रणाली के तहत राष्ट्रीय मास्टर प्लान का उपयोग कर रहे हैं. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 8,891 किलोमीटर से अधिक सड़क परियोजनाओं की योजना बनाई है, जबकि रेल मंत्रालय ने एनएमपी ढांचे का उपयोग करके 27,000 किलोमीटर से अधिक रेलवे लाइनों की योजना बनाई है. इस प्रणाली का उपयोग पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा देश भर में तेल और गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए बड़े पैमाने पर किया जाता है. अधिकारी ने कहा, अतीत में, परियोजनाओं के लिए विस्तृत मार्ग सर्वेक्षण तैयार करने में छह से नौ महीने लगते थे, लेकिन अब इलेक्ट्रॉनिक डीआरएस रिपोर्ट केवल एक दिन में तैयार हो जाती है. इससे प्रक्रिया सरल और तेज हो गई है. उन्होंने कहा, यह अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली के लिए हरित ऊर्जा गलियारे के संरेखण को अनुकूलित करने में सहायक रहा है, जिससे लेह (लद्दाख) से कैथल (हरियाणा) तक 13 गीगावाट अक्षय ऊर्जा का संचरण सुगम हुआ है।

## जगन्नाथ पुरी आने वाले भक्तों को मिलेगा महाप्रसाद

### सरकार बना रही हैं योजना

**भुवनेश्वर.** ओडिशा सरकार जल्द ही पुरी जगन्नाथ मंदिर में आने वाले भक्तों को मुफ्त महाप्रसाद देने की योजना बना रही है, इसकी जानकारी ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने दी. रविवार को इस घोषणा के दौरान मंत्री ने बताया कि इस पहल के लिए प्रक्रिया तैयार की जा रही है और इसे पवित्र कार्तिक महीने के बाद शुरू किया जाएगा. उन्होंने कुछ भक्तों से इस नेक काम में सहयोग करने का आग्रह भी किया, क्योंकि इस योजना से सरकार पर प्रति वर्ष 14-15 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ आएगा. मंत्री ने कहा, हम इस उद्देश्य के लिए हर साल लगभग 14-15 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित कर रहे हैं. कुछ दयालु भक्तों ने इस नेक कार्य में सरकार की मदद के लिए आगे हाथ बढ़ाया है. मुझे विश्वास है कि सरकार पर बोझ डालने के बजाय, और अधिक भक्त इस कार्य में हाथ बंटाएंगे, जिससे उन्हें



भगवान जगन्नाथ की अधिक आशीर्वाद प्राप्त होगी. उन्होंने यह भी बताया कि यह योजना कार्तिक महीने के बाद मंदिर में भीड़ कम होने के बाद शुरू की जाएगी. मुफ्त महाप्रसाद योजना पर टिप्पणी करते हुए एक सेवक ने कहा, हम ओडिशा सरकार के इस कदम का स्वागत करते हैं. यदि भक्तों को केले के पत्तों पर महाप्रसाद परोसा जाता है, तो वे शांति से लौटेंगे. यदि आवश्यकता हो, तो उन्हें हर सप्ताह के लिए भोजन का चार्ट तैयार करना चाहिए.

## ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी पर हुआ बहुत बड़ा साइबर अटैक

### न्यायपालिका और विधायिका को भी बनाया निशाना

**तेहरान।** मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच, ईरान को शनिवार को भारी साइबर हमलों का सामना करना पड़ा, जिससे सरकार की तीन मुख्य शाखाओं—न्यायपालिका, विधायिका और कार्यकारी शाखा—में बड़ी रुकावट आ गई। इस हमले ने ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी और कई अहम सेक्टर्स जैसे फ्यूल डिस्ट्रिब्यूशन, परिवहन और पोर्ट नेटवर्क को भी निशाना बनाया। यह घटना ऐसे समय में हुई जब इजरायल ने गाजा संघर्ष के बीच ईरान की 200 मिसाइलों की बमबारी का कड़ा जवाब देने की कसम खाई थी।

### ईरान के प्रमुख सरकारी संस्थान साइबर हमलों की चपेट में

ईरान के सुप्रीम काउंसिल ऑफ साइबरस्पेस के पूर्व सचिव,



फिरोजाबादी के अनुसार, ईरान के सरकारी नेटवर्क की बड़ी मात्रा में जानकारी चोरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि साइबर हमले के तहत न्यूक्लियर फैसिलिटी और कई महत्वपूर्ण सेक्टर जैसे फ्यूल डिस्ट्रिब्यूशन और ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क को निशाना बनाया गया है।

इस साइबर हमले के बीच, अमेरिका ने इजरायल पर ईरानी मिसाइल हमलों के जवाब में ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल सेक्टर पर प्रतिबंध बढ़ा दिए हैं। इन प्रतिबंधों का उद्देश्य ईरान को उसके परमाणु और मिसाइल प्रोग्राम के लिए धन प्राप्त करने से रोकना है। ईरान ने पहले ही चेतावनी दी थी कि अगर इजरायल हमला करता है, तो वह अपनी संप्रभुता की रक्षा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### इजरायल की प्रतिक्रिया और भविष्य की स्थिति

इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने वादा किया कि उनका जवाब घातक, सटीक और हैरान करने वाला होगा। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान अपने महत्वपूर्ण हितों की रक्षा के लिए किसी भी हमले के खिलाफ पूरी तरह तैयार है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भी स्पष्ट किया कि हम युद्ध नहीं चाहते, लेकिन इससे डरते नहीं हैं।

## बाबा सिद्दीकी के हत्यारों की सामने आई तस्वीर, युपी-हरियाणा से निकला कनेक्शन

**मुंबई।** अजित पवार गुट के नेता और महाराष्ट्र सरकार के बाबा सिद्दीकी पूर्व मंत्री की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने बांद्रा ईस्ट इलाके में उन पर कई राउंड फायरिंग की जिसमें गोलियां उनके सीने और पेट में लगीं। गंभीर हालत में उन्हें लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीसरा आरोपी अभी फरार है। वहीं सिद्दीकी के हत्यारों की तस्वीर सामने आ है। हत्यारों का क्क-हरियाणा से कनेक्शन निलकर सामने आया है।

बता दें कि बाबा सिद्दीकी मुंबई में हर साल अपनी इफ्तार पार्टी की वजह से चर्चा में रहते थे। इसमें फिल्म और टेलीविजन से जुड़े ज्यादातर सितारे इस पार्टी में अपनी हाजिरी लगाते हैं।






महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और एक अभी भी फरार है। कोई भी कानून व्यवस्था को अपने हाथ में नहीं ले सकता। उन्होंने कहा, 'बाबा सिद्दीकी पर गोली चलाने की घटना बेहद परेशान करने वाली और दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने इस संबंध में कमिश्नर और डॉक्टर से बात की. दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, एक यूपी से और दूसरा हरियाणा से है और तीसरा आरोपी फरार है। मैंने पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि कानून-व्यवस्था को हल्के में नहीं लिया जाए। उन्हें सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### सुपारी किलिंग की जांच करेगी पुलिस

*पुलिस ने संदिग्धों की तस्वीर भी जारी की है और आरोपियों को दो भरी हुई मैगजीन के साथ पकड़ा है। बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद डिप्टी सीएम अजित पवार ने अपने सभी दौरे रद्द कर दिए हैं। वारदात की सूचना मिलते ही महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस अस्पताल पहुंचे। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने कहा है कि वह सुपारी किलिंग के एंगल से भी जांच करेंगे।*

## समाचार शीर्ष

### रामलीला करते समय 'कुंभकर्ण' को मंच पर आया हार्ट अटैक

#### हमेशा के लिए सो गया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के चिराग दिल्ली इलाके में रामलीला के दौरान रावण के भाई कुंभकर्ण का रोल निभा रहे कलाकार की मौत हो गई। रामलीला मंचन के दौरान मंच (स्टेज) पर ही 'कुंभकर्ण' का रोल निभा रहे कलाकार को हार्ट अटैक आया और हमेशा के लिए 'सो गया'। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस साल शारदीय नवरात्रि के दौरान ये दूसरी घटना है, जब रामलीला में कोई रोल निभा रहे कलाकार की मौत हुई है। मृतक कलाकार की पहचान पश्चिम विहार के रहने वाले विक्रम तनेजा के रूप में हुई है। दरअसल दशहरा के अवसर पर दिल्ली में जगह-जगह रामलीला का आयोजन हुआ। 12 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन दिल्ली के मालवीय नगर में भी रामलीला का मंचन हो रहा था। इसी दौरान रामलीला में कुंभकरण के साथ कुछ ऐसा हो गया, जिसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की थी।

छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से शुरू होगी धान खरीदी

## किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल का मिलेगा समर्थन मूल्य

भास्कर दूत

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में किसानों के लिए धान खरीदी एक बड़े त्यौहार जैसा होता है, और इस साल भी राज्य सरकार ने 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की तैयारी कर ली है। खाद्य और कृषि विभाग के अनुसार, इस साल 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धान खरीदी के लिए प्रदेशभर में 2058 कॉपरेटिव सोसाइटी और 2739 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं, जिससे प्रक्रिया को तेज किया जा



सके। किसानों को इस साल भी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। सरकार ने धान खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं, जैसे बैठक व्यवस्था और पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

## महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के प्रमोटर के प्रत्यर्पण के प्रयास हुए तेज

### डोजियर लेकर छत्तीसगढ़ पुलिस दिल्ली पहुंची, रवि की भी गिरफ्तारी जल्द

भास्कर दूत

**भिलाई/नई दिल्ली।** महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी केस के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद प्रत्यर्पण के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस की एक टीम डोजियर लेकर दिल्ली पहुंच गई है। ये टीम केन्द्रीय गृह मंत्रालय, और विदेश मंत्रालय को सहयोग कर रही है, ताकि सौरभ का जल्द से जल्द प्रत्यर्पण हो सके। राज्य पुलिस का अफसरों का मानना है कि सौरभ के प्रत्यर्पण में दो से तीन महीने का समय लग सकता है।

इंटरपोल ने महादेव ऑनलाइन सट्टा केस के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को दुबई में गिरफ्तार कर लिया है। सौरभ को भारत लाने के लिए यथा संभव कोशिश चल रही है। पुलिस के एक अफसर ने चर्चा में बताया कि सौरभ यूएई में कुछ और कारोबार हैं।



ऐसे में उसके प्रत्यर्पण के लिए केन्द्र सरकार, यूएई सरकार से संपर्क में है, और दुबई कोर्ट में इसके लिए याचिका दाखिल की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि एक डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम डोजियर लेकर दिल्ली भेजी गई है। राज्य पुलिस के अफसर केन्द्रीय गृह मंत्रालय को सौरभ से जुड़ी जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। इन सबके बावजूद सौरभ को भारत लाने की राह आसान नहीं है। कुछ सूत्रों ने बताया कि यूएई के बिजनेसमैन होने की वजह से सौरभ चंद्राकर को यहां लाने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। चूंकि यूएई के भारत से अच्छे रिश्ते हैं। इसलिए माना जा रहा है कि सौरभ का प्रत्यर्पण हो जाएगा। इसमें दो-तीन महीने का समय लग सकता है। महादेव ऐप ऑनलाइन सट्टेबाजी का कुल 6 हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है।

### दूसरे प्रमोटर रवि उप्पल की गिरफ्तारी भी शीघ्र ?

*महादेव ऐप ऑनलाइन सट्टेबाजी प्रकरण में सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद उसके सहयोगी रवि उप्पल की गिरफ्तारी भी जल्द हो सकती है। पुलिस सूत्रों ने दावा किया है कि जल्द ही रवि को लेकर खबर आ सकती है। कहा जा रहा है कि रवि उप्पल की पूरी जानकारी मिल गई है। ऐसे मे इंटरपोल उसे भी गिरफ्तार कर सकती है।*

## छत्तीसगढ़ में जीएसटी संग्रह में 11% की बढ़ोतरी, सितंबर में हजार करोड़ से ज्यादा हुआ आंकड़ा

भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हुए बेहतर कारोबार का असर राज्य के जीएसटी राजस्व (GST) पर साफ दिख रहा है. वित्तीय वर्ष 2024-25 के सितंबर माह में राज्य को 1073.97 करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व (GST Revenue) प्राप्त हुआ है, जो पिछले साल के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक है. वित्तीय साल 2024-25 में स्टेट को मिलने वाले जीएसटी में लगातार वृद्धि हो रही है. सितंबर 24 में राज्य को छत्तीसगढ़ एसजीएसटी



से 614.35 करोड़ रुपये तथा एपोर्शनमेंट ऑफ आईजीएसटी से 459.62 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई है.

इस तरह प्रदेश को सितंबर में जीएसटी एक्ट के तहत 1073.97 करोड़ रुपए का राजस्व मिला. सितंबर 23 में प्रदेश में छत्तीसगढ़ एसजीएसटी से 625.29 करोड़ रुपये तथा एपोर्शनमेंट ऑफ आईजीएसटी से 339.19 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई थी. इस तरह बीते साल की तुलना में सितंबर 24 में मिले जीएसटी में 109.49 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है. यह राशि 11 प्रतिशत की ग्रोथ दर्शाती है.

### छह माह में मिले 7190 करोड़

***स्टेट जीएसटी को वित्तीय साल 2024-25 की पहली छमाही में जीएसटी के तहत 7190.26 करोड़ रुपये मिले. यह राशि बीते साल की तुलना में 13 फीसदी की ग्रोथ दर्शाती है. अप्रैल से सितंबर 2024 में राज्य को छत्तीसगढ़ एसजीएसटी से 4242.39 करोड़ रुपये मिले हैं. एपोर्शनमेंट ऑफ आईजीएसटी से 2947.87 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है।***

## राहुल गांधी से छिन जाएगी नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी!

### बीजेपी के दावे ने कांग्रेस की बढ़ाई बेचैनी



**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में BJP रिकॉर्ड लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। 17 अक्टूबर को नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। इसी बीच बीजेपी ने राहुल गांधी पर एक नया दावा कर कांग्रेसकी बेचैनी बढ़ा दी है। बीजेपी ने दावा किया कि राहुल गांधी से नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी जल्द ही छिन जाएगी। हरियाणा चुनाव में शर्मनाक हार के बाद इंडिया अलायंस इस पर विचार कर रही है।

ई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि विपक्षी दलों के भीतर कई सक्षम नेता हैं जो कि विपक्ष के नेता की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि यह निर्णय तो उन्हें लेना है क्योंकि यह INDIA गठबंधन का आंतरिक मामला है। वहीं बीजेपी के इस दावे के बारे में विपक्षी दलों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। भाजपा सांसद की यह टिप्पणी उस समय आई, जब उनसे लोकसभा में प्रतिपक्ष पद को रोटेशनल बनाने की संभावना के बारे में पूछा गया। पार्टी हेड ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बांसुरी स्वराज ने कहा, हां! मैंने भी सुना है कि प्रतिपक्ष के पद को रोटेशनल बनाने की बात चल रही है, लेकिन मैं ये कहूंगी की ये विपक्ष का आंतरिक मामला है। बांसुरी स्वराज ने कहा कि INDIA गठबंधन को प्रतिपक्ष की भूमिका के बारे में अपने विकल्पों पर विचार करना चाहिए। वह बोलीं कि विपक्षी दलों में निश्चित रूप से कई नेता हैं जो LOP की जिम्मेदारी को पूरा करने में काफी सक्षम हैं। अगर गठबंधन को लगता है कि राहुल गांधी अपनी जिम्मेदारी पूरी लगन से नहीं निभा पा रहे हैं तो उन्हें ऐसा फैसला लेना चाहिए।

### जानिए बांसुरी स्वराज के दावे में क्यों है दम?

*बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में हुई करारी हार ने कांग्रेस और राहुल गांधी को अंदर से हिलाकर रख दिया है। इसके साइड इफेक्ट ने किस तरह कांग्रेस को तोड़ दिया है, इसी से समझा जा सकता है कि हरियाणा हार की समीक्षा बैठक में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अपने ही नेताओं पर भड़क गए थे। राहुल ने नेताओं को भटकार लगाते हुए परिणामों की जांच के लिए एक कमेटी बना डाली। इसके सदस्यों की घोषणा जल्द होगी।*

हरियाणा की हार पचा नहीं पा रही कांग्रेस

## सीएम साय बोले कांग्रेस के लोग फ्यूज बल्ब



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पार्टी के नेताओं को फ्यूज बल्ब कहा है। रविवार को गुरु दर्शन मेले के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने हरियाणा चुनाव को लेकर किए गए सवाल के जवाब में यह बात कही। सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस एक समय पूरे देश में एकछत्र राज करने वाली पार्टी थी। गलत नीतियों और भ्रष्टाचार के कारण उनकी पार्टी सिकुड़ती जा रही है। सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस हरियाणा की हार पचा नहीं पा रही है। कांग्रेस के नेताओं का तो यही है कि जीते तो ठीक है और हार गए तो ईवीएम में छेड़छाड़। जबकि ऐसा नहीं होता। कांग्रेस अब फ्यूज बल्ब की तरह है।

## आत्मसमर्पित नक्सलियों का घर बसाएगी छत्तीसगढ़ सरकार, अलग से होगा बजट

भास्कर दूत

**रायपुर।** आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की नीति राज्योत्सव के अवसर पर लांच होगी। इसके प्रमुख प्रविधानों के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार मुख्यधारा से जुड़ने वालों का घर बसाएगी। उन्हें उनकी जरूरत की सभी चीजें दी जाएंगी। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों और उनके स्वजन विकास के लिए सरकार अलग से बजट भी निर्धारित करेगी। पुनर्वास की नीति के ज्यादातर प्रविधान असम से लिए गए हैं। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने असम का दौरा करके यहां अध्ययन किया है और वहां की नीति का 80 प्रतिशत हिस्सा छत्तीसगढ़ में भी लागू किया जा सकता है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए हमारी सरकार उनके आवास की व्यवस्था करेगी। सरकार की सभी योजनाओं के लाभ तो मिलेगा ही साथ ही उनके लिए विशेष नीति हम जल्द ही लांच कर लेंगे।

पुनर्वास नीति में ये हो सकते हैं प्रविधान

नक्सलियों को आवास देने का प्रविधान किया जाएगा।

स्वरोजगार के लिए बैंक से ब्याज मुक्त लोन मिलेगा।



मासिक गुजारे के लिए अनुदान राशि दी जाएगी।

समर्पित किए गए गोला-बारूद के लिए भी प्रोत्साहन।

आत्मसमर्पण व पुनर्वास के लिए शिविर का आयोजन।

पुनर्वास नीति इसलिए जरूरी

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार जिस तरह से पूर्वोत्तर राज्यों में खासकर असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा में आतंकवादियों के आत्मसमर्पण व पुनर्वास की नीति के बाद यहां आतंकवाद में नियंत्रण पाया गया है, उसी फार्मूले से छत्तीसगढ़ में भी नक्सलियों का अंत किया जा सकता है।

इसके लिए पुनर्वास नीति बहुत जरूरी है, क्योंकि ऐसे गुमराह युवक जो कि हार्डकोर नक्सलियों के दुष्चक्र में फंस गए हैं। उन्हें मुख्यधारा में लाने के बाद वह दोबारा नक्सलियों के चंगुल में न फंसे इसे रोकने की चुनौती होगी।

### पिछले नौ महीनों में लगातार कार्रवाई

नक्सलियों के खिलाफ साय सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ में 194 नक्सलियों को मुठभेड़ में मारा गया है। 801 नक्सली गिरफ्तार और 742 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।




# काम, क्रोध, मद, लोभ रूपी रावण का करें वध-सीएम साय

भास्कर दूत

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर के डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के मैदान में दशहरा पर्व के अवसर पर हजारों की संख्या में जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है।



हम लोग हर साल रावण का वध करते हैं, परंतु इस पर्व की सार्थकता तभी है, जब हम काम, क्रोध, मद, लोभ रूपी रावण, जो हमारे मन में है, उसका वध करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माता कौशल्या की नगरी और भांचा श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में रावण रूपी जो भी बुराई है, उसको हम सब मिलकर दूर करने का संकल्प लेना होगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर भगवान श्रीराम के जयकारे के बीच रिमोट का बटन दबाकर रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाथ के विशालकाय पुतले का दहन किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को विजयादशमी पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीते 53 वर्षों से डब्ल्यूआरएस कालोनी में रावण वध का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इस साल का यह कार्यक्रम हम सब लोगों के लिए विशेष है क्योंकि 500 सालों के बाद छत्तीसगढ़ के भांचा भगवान श्रीराम जो भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित हुए है। यह हम सबके लिए गौरव और प्रसन्नता की बात है।

रावण वध का कार्यक्रम पारंपरिक ढंग आयोजित हुआ। इस मौके पर भगवान राम और रावण की युद्ध गाथा का मंचन हुआ और अंत में रावण के विशालकाय पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। कार्यक्रम स्थल पर आतिशबाजी और उत्सव का माहौल रहा। उपस्थित लोगों ने रावण दहन के बाद हर्षोल्लास के साथ एक-दूसरे को विजयादशमी की बधाई दी।



कार्यक्रम को रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा, जयंती भाई पटेल, तोशेन्द्र देव साय, आयोजन समिति के प्रमुख जी.स्वामी, कलेक्टर गौरव कुमार सिंह, एसएसपी संतोष सिंह, आयोजन समिति प्रमुख के पदाधिकारीगण सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# दशहरा आयोजनों में शामिल हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल

भास्कर दूत

**रायपुर।** असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देने वाला दशहरे का पावन पर्व राजधानी रायपुर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल रावणभाठा के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पारम्परिक रावण दहन महोत्सव में शामिल हुए इसके साथ ही सप्रे स्कूल बूढ़ापारा, सुंदर नगर, संतोषी नगर और छत्तीसगढ़ नगर, हरदेव लाला मंदिर परिसर टिकरापारा में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस दौरान श्री अग्रवाल ने समस्त छत्तीसगढ़वासियों को नवरात्रि और विजयदशमी के साथ ही दिवाली की बधाई और शुभकामनाएं दीं। बृजमोहन ने कहा कि, विजय दशमी का यह पर्व असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की, बुराई पर अच्छाई की और अहंकार पर विनम्रता की विजय का प्रतीक है। जो हमें सिखाता है कि अहंकार विनाश का कारण बनता है, चाहे इंसान कितना भी




शक्तिशाली और बुद्धिमान ही क्यों न हो। उन्होंने कहा कि, हम सभी ने 9 दिनों तक नवरात्रि पर्व मना कर मां की आराधना की और शक्ति प्राप्त की। यही शक्ति हमें जीवन में तरक्की और सफलता दे साथ ही अन्याय, अत्याचार, अधर्म और बुराइयों को नाश करने की क्षमता भी प्रदान करे। प्रभु श्री राम ने घमंडी और अहंकारी रावण का नाश किया था। हम सभी विजय दशमी के अवसर पर संकल्प लें कि हम भी अपने अंदर के अहंकार, अधर्म का नाश करेंगे और अन्याय, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ेंगे। अपने अंदर की काम, क्रोध, मोह, लोभ रूपी बुराइयों को जड़ से मिटाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि, भाजपा सरकार सनातन के वैभव और विरासत को लेकर विकास के रास्ते चल रही है हमारा भारत पहले विश्व गुरु था अब पुन: विश्व गुरु बनने के राह पर भारत चल पड़ा है। आने वाले समय में पूरे विश्व में भारत और सनातन धर्म की जय जयकार होगी। हमें श्री राम के आदर्श पर चलकर छत्तीसगढ़ को खुशहाल बनाना है। रावणभाठा में भगवान श्री राम, श्री लक्ष्मण, सीता माता और बालाजी भगवान की आरती की उसके पश्चात रावण दहन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री कवासी लखमा, पूर्व सांसद सुनील सोनी, समाज सेवी एवं अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल, पार्षद सीमा कंदोई, पार्षद मृत्युंजय दुबे, पार्षद मनोज वर्मा, अमित साहू, अंजय शुक्ला, सुशील ओझा, पारस चौपड़ा, उमा व्यास समेत स्थानीय लोग गणमान्यजन और हजारों लोग उपस्थित रहे। बृजमोहन अग्रवाल ने संतोषी नगर में दशहरा उत्सव के अवसर पर श्री प्रयास एजुकेशनल सोसायटी द्वारा नवनिर्मित शिक्षा भवन का उद्घाटन भी किया।

# ग्रीनआर्मी ने किया पॉलीथिन रूपी रावण का दहन

भास्कर दूत

**रायपुर।** दशहरा के पावन अवसर पर आज ग्रीन आर्मी ब्राम्हण पारा जोन एवं पुरानी बस्ती जोन के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी पॉलीथिन रूपी रावण का दहन किया गया। मीडिया प्राभारी शशिकान्त यदु ने बताया कि गांव शहर कस्बा के प्रत्येक बाजार में सिंगल यूज़ पॉलीथिन धडल्ले से उपयोग किया जा रहा है।




ऐसी प्लास्टिक जो सिर्फ एक ही बार इस्तेमाल के लायक को उसे सिंगल यूज प्लास्टिक कहा जाता है। जैसे प्लास्टिक की थैलियां प्याले प्लेट छोटी बोतलें, स्ट्रॉ और कुछ पाउच सिंगल यूज प्लास्टिक हैं। दरअसल आधी से ज्यादा इस तरह की प्लास्टिक पेट्रोलियम आधारित उत्पाद होते हैं।

इनके उत्पादन पर खर्च बहुत कम आता है। यही वजह है कि रोजाना के बिजनेस और कारोबारी इकाइयों में इसका इस्तेमाल खूब होता है। स्वच्छ भारत अभियान् में पॉलीथीन सबसे बड़ी बाधा है इसीलिए लोगों से प्लास्टिक मुक्त भारत की मुहिम में योगदान देने के लिए बाजार से खरीदारी के लिए पॉलीथीन के बजाय कपड़े का थैला इस्तेमाल करने ग्रीन आर्मी संस्था अपील कर रही है। प्लास्टिक की एक थैली को नष्ट होने में 20 से 1000 साल तक लग जाते हैं जबकि एक प्लास्टिक की बोतल को 450 साल प्लास्टिक कप को 50 साल और प्लास्टिक की परत वाले पेपर कप को नष्ट होने में करीब 30 साल लगते हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण बिगड़ता पर्यावरण विश्व के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है ऐसे में प्लास्टिक से पैदा होने वाले प्रदूषण को रोकना एक बहुत बड़ी समस्या बनकर उभरी है प्रत्येक साल कई लाख टन प्लास्टिक उत्पादन हो रहा है और इंसान, जानवर जलिय जिव जन्तु सभी बिमार हो रहे है। इन सब पर लगाम कसने ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है इसी कडी में आज प्रदेश वासियों को संदेश देने पॉलीथिन रूपी रावण का दहन किया गया।

### पॉलीथिन के विरोध में रैली

*संस्था द्वारा दशहरा के पावन अवसर पर ब्राह्मण पारा में स्थापित माँ दुर्गा का पूजन उपरांत सिंगल यूज पॉलीथिन के विरोध में भव्य रैली निकाली गई यह रैली ब्राह्मण पारा चौक से सत्ती बाजार फव्वारा चौक से बजरंग मंदिर होते हुए कंकाली मंदिर पहुंचा जहां पर साल भर में मात्र एकदिन खुलने वाले माता कंकाली का शस्त्र गृह में शस्त्र पूजन किया गया तत्पश्चात रैली आज़ाद चौक में जाकर समाप्त हुआ जहां पर संस्था द्वारा सांकेतिक रूप में पॉलीथिन रूपी रावण का दहन किया गया। इस दौरान संस्था द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के विरोध में लगातार नारे लगते रहे । इस दौरान संस्था सदस्यों के साथ स्थानीय रहवासी, पर्यावरण प्रेमी, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।*

# बाल विवाह को समझाइश देकर रोका गया




**रायपुर** । धरसींवा ब्लॉक के मटिया गांव में 15 वर्ष की नाबालिग का विवाह रोका गया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को सूचना मिली कि मटिया गांव में नाबालिग का बाल विवाह किया जा रहा है। तत्काल कलेक्टर ने संज्ञान में लेते हुए बाल संरक्षण और पुलिस प्रशासन का तत्काल मौके के लिए रवाना किया। टीम ने वहां पहुंचकर परिवार को समझाइश दी और बाल विवाह को रोका गया।



## सार समाचार

### आचार्य भगवंत का मन समुद्र की तरह विशाल होता है- प्रियदर्शी विजयजी

**रायपुर।** संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर रायपुर में आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 के प्रवचनमाला जारी है। शुक्रवार को शाश्वत नवपद ओलीजी के मंगल कार्य का तीसरा दिन रहा। दो दिनों तक देव तत्व की आराधना हुई। देव तत्व की आराधना के अंदर अरिहंत परमात्मा व सिद्ध परमात्मा की आराधना की गई। तीसरे दिवस तपस्वी मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. ने धर्मसभा में गुरु तत्व पर प्रवचन प्रारंभ किया। मुनिश्री ने कहा कि गुरु तत्व तीन पदों के अंदर विभाजित है। पहला आचार्य पद,दूसरा उपाध्यय पद और तीसरा साधु पद। मुनिश्री ने आचार्य भगवंत के गुणों के बारे में बताया कि आचार्य भगवंत आठ संपदा के मालिक होते हैं। आचार्य भगवंत का मन समुद्र की तरह विशाल होता है। मुनिश्री ने आगे कहा कि आचार्य भगवंत गंगा नदी के जैसे होते हैं। जहां पानी आता भी है और जाता भी है। अर्थात जब वे मुनि थे तब उन्होंने ज्ञान अर्जित किया और आचार्य बने तो ज्ञान सभी को दिया। ऐसे ही आचार्य भगवंत लवण समुद्र के जैसे होते हैं। समुद्र में पानी आता तो अलग-अलग जगह से है लेकिन वहां पर समाहित हो जाता है अर्थात आचार्य भगवंत में गंभीरता का गुण होता है। आचार्य भगवंत का जीवन समुद्र के जैसा होता है,उनके अंदर कोई भी चीज जाए अंदर समाहित हो जाती है बाहर नहीं आती। मुनिश्री ने कहा कि आचार्य भगवंत के द्वारा दूसरों की आलोचना प्रायश्चित सुनने के बाद कभी बाहर नहीं आती है, उनमें विलीन हो जाती है। ऐसे ही वे पद्मधरा के जैसे होते हैं। आचार्य भगवंत किसी का चलाया हुआ उन्मार्ग आगे बढ़ाने का काम नहीं करते और अपने से कोई उन्मार्ग चलाते नहीं है। ऐसा कोई आचरण नहीं करते जिसके कारण किसी के जीवन में अधर्म की प्राप्ति हो। आचार्य भगवंत श्रुत संपन्न होते हैं। आचार्य भगवन अमोघ वचन वाले होते हैं। आचार्य भगवंत वाचना संपन्न होते हैं और शिष्य संपदा के धनी होते हैं।



### देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर** । शमशान घाट रोड सरोना में पुलिस ने दबिश देकर 40 पाव देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि शमशान घाट रोड सरोना में दबिश देकर आरोपी गुलाब कण्डरा 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 40 पाव देशी शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 4400 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### हॉस्टल के कमरे से आईपेड पार

**रायपुर** । हिदायतुल्ला नेशनल विश्वविद्यालय नया रायपुर के ब्वॉय हॉस्टल के कमरे से अज्ञात चोर ने आईपेड पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरेन्द्र राठिया 21 वर्ष हिदायतुल्ला नेशनल विश्वविद्यालय के ब्वॉय हास्टल में रहता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के कमरे में प्रवेश कर टेबल में रखे आईपेड को पार कर दिया। चोरी गए आईपेड की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज क जांच में लिया है।

# रावण दहन मैदान में मंच निर्माण के दौरान करंट से कर्मचारी की मौत

भास्कर दूत

रायपुर। राजधानी रायपुर के डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित रावण मैदान में मंच निर्माण के दौरान एक कर्मचारी करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित रावण मैदान आज रावण दहन के लिए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था।

वहीं स्टेज पर एक कर्मचारी परमानंद ध्रुव (37 वर्ष) काम कर रहा था ।तभी अचानक उसे बिजली का झटका लगा, जिससे वह ऊपर से नीचे गिर पड़ा ।करंट लगने से अचेत हुए परमानंद को मौके पर सीपीआर दिया गया और तुरंत एंबुलेंस से मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मृत्यु हो चुकी थी। वहीं मौके पर बेहोश हुए मृतक का साथी मेकाहारा अस्पताल में भर्ती है।

# रायपुर में तीन साल के बच्चे की गला दबाकर हत्या, झाड़ियों में मिली लाश, नाबालिग रिश्तेदार से हो रही पूछताछ

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के विधानसभा इलाके में एक तीन साल के बच्चे की हत्या की घटना का मामला सामने आया है ।बच्चे का शव वीआईसी सिटी के गोलचौक के पास झाड़ियों में पाया गया। घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अब मामले की गहराई से जांच कर रही है।



जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को बच्चा दिनभर गायब था। मासूम का शव गोलचौक के पास मिलने के बाद परिवार के लोग सदमे में हैं और उनके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। विधानसभा पुलिस ने अपचारी बालक से पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सडडू के वीआईपी सिटी के पास एक लेबर क्वार्टर में एक मजदूर परिवार रहता है। 11 अक्टूबर, शुक्रवार की दोपहर, उनका तीन साल का बेटा अपने नाबालिग रिश्तेदार के साथ घर से बाहर गया था।

जब काफी समय तक बच्चा नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बच्चा न मिलने पर परेशान होकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने भी बच्चे की खोज में तेजी से काम किया। इस दौरान रात करीब 11 बजे के आस-पास बच्चे का शव झाड़ियों में पाया गया।

पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बच्चे की हत्या गला दबाकर की गई थी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि बच्चे की हत्या गला दबाकर की गई थी। पुलिस ने नाबालिग रिश्तेदार से पूछताछ शुरू की, क्योंकि वह घटना के समय बच्चे के साथ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण एएसपी कीर्तन राठौर ने बताया कि इस मामले में नाबालिग रिश्तेदार ही मुख्य संदिग्ध है। पुलिस अब नाबालिग से गहन पूछताछ कर रही है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्वयंसेवकों से पंच परिवर्तन विषय को अपने जीवन में अनुकरण करते हुए समाज को जागृत करने का आग्रह

भास्कर दूत

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रायपुर महानगर में आज 14 स्थानों पर विजयदशमी उत्सव पथ संचलन के साथ संपन्न हुआ ।दीनदयाल नगर में विजयादशमी उत्सव में मुख्य वक्ता डॉ पूर्णेंदु सक्सेना,मध्य क्षेत्र संघचालक ने उदबोधन दिया ।उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश के अवसर पर स्वयंसेवकों से पंच परिवर्तन विषय को अपने जीवन में अनुकरण करते हुए समाज को जागृत करने का आग्रह किया।






नागरिक कर्तव्यों की प्रतिबद्धता-उन्होंने कहा कि सामाजिक जीवन में मुख्य बातें जो सभी को पालन करना चाहिए। मन कर्म वचन से ऐसा कोई भी कार्य जिससे किसी को नुकसान हो न करना ।प्रदूषण ना फैलाना। ?जरूरतमंद व्यक्तियों को सहयोग करना ।प्रशासन के नियमों का पालन करना चाइये जैसे यातायात नियम, कानून के नियम आदि।?अपनी कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना, व्यक्तिगत एवम सामाजिक जीवन में भ्रष्टाचरण का परित्याग करना आदि।

स्व-आधारित जीवन शैली- मध्य क्षेत्र संघचालक ने दैनिक जीवन में स्वदेशी सामग्री यानी स्थानीय वस्तुओं का उपयोग करने की बात कही ।स्वदेशी उद्यमिता पर कार्य?जीवन के हर पक्ष में स्व यानि भारतीयता का आग्रह किया ।उन्होंने जाति, क्षेत्र से ऊपर उठकर समाज में समरसता युक्त जीवन का वातावरण बनाने का आग्रह किया ।

-पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने की बात करते हुए पर्यावरण संरक्षण की जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया ।उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हेतु प्रत्येक मांगलिक कार्य में वृक्षारोपण करना चहिये ।प्लास्टिक का उपयोग बंद कर वैकल्पिक सामग्री को बढ़ावा चाहिए । पर्यावरण अनुकूल वाहन का उपयोग करना चाहिए। ?दैनिक जीवन में जल सरंक्षणऔर ?भोजन के दुरुपयोग को रोकना चहिये ।

भारतीय समाज ना किसी से डरता है ना किसी को डराता है- पुरानी बस्ती नगर में कैलाश जी, क्षेत्र प्रचार प्रमुख जी वक्ता रहे । अपने उद्बोधन में कहा कि मानवता की दानवता पर, साम्राज्यवादी शक्तियों की सामान्य वर्ग पर, सृष्टि संवत से वर्तमान तक का स्मरण करते हुए श्री हेडगेवार जी ने संघ की स्थापना के लिए आज के दिन को तय किया ।जो साम्राज्यवादी शक्ति भारतीय जनमानस का शोषण कर रही थी, विदेशी आक्रमणकारियों के 750 वर्षो तक आक्रमण के कारण वह हमारे ऊपर हावी हो रहे थे ।जिसके कारण के कारण वह हमारे ऊपर हावी हो रहे थे ।जिसके कारण संघ की स्थापना की गई। भारत का इतिहास सत्य का है, भारतीय समाज जो ना किसी से डरता है ना किसी को डराता है , भारत के इतिहास का स्मरण कर विजयादशमी के दिन साम्राज्यवादी शक्तियों को ढहाने के लिए संघ की स्थापना की।

स्थापना के दिन का पौराणिक महत्व भी है। वर्तमान में भी उसका उतना ही महत्व है। सात्विक शक्तियों पर आसुरी शक्ति के प्रभाव को नाश करने के लिए संगठन की भावना से प्रेरित होकर, स्वयंसेवकों का संगठन इस प्रकार है जैसे आम आदमियों का संगठन होता है ।भारत सत्य की साधना करता है ।जो सत्य बोलने के कारण हुआ भारतीय ऋषियों ने सत्य की साधना की। नवरात्रि के 9 दिन के उपवास के बाद एक बार झूठ बोलने से सत्य का महत्व कम हो जाता है ।सत्य ही विजय दिलाता है सत्य के साथ होने से आसुरी शक्तियों का विनाश किया जा सकता है।

# 4 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

भास्कर दूत

**रायपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा नशे के विरूद्ध निजात अभियान के तहत रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभारी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है।



जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 11.10.2024 को थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत डेरापारा रावांभाठा आरटीओ कार्यालय के पास के एक व्यक्ति सफेद रंग की बोरी में अवैध रूप मादक पदार्थ गांजा रखे होने की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक उरला, मणिशंकर चन्द्रा, तथा थाना प्रभारी खमतराई निरीक्षक एस.एन. सिंह को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकडने निर्देशित किया गया।

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना खमतराई पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये स्थान पास पहुंचकर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़कर नाम पता पूछने पर अपना नाम सुरेंद्र तिवारी पिता यमुना प्रसाद तिवारी उम्र 22 वर्ष निवासी फोकट पारा शास्त्री नगर शिव मंदिर के सामने थाना देवेंद्र नगर जिला रायपुर का होना बताये। आरोपी के पास रखे सफेद रंग की बोरी की तलाशी लेने पर मादक पदार्थ गांजा मिलने पर मौके पर बरामदगी पंचनामा तैयार कर मिले पैकेट का तौल कराने पर 4.583 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4.583 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 85,000 रु. को जप्त किया गया आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 794/24 धारा 20 (बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। संपूर्ण की गई कार्यवाही में थाना खमतराई से सहायक उप निरीक्षक जगदंबा तिवारी, आरक्षक 2576 सुदीप मिश्रा, आरक्षक 2111 हेमंत गिलहरे महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी 1. सुरेंद्र तिवारी पिता यमुना प्रसाद तिवारी उम्र 22 वर्ष निवासी फोकट पारा शास्त्री नगर शिव मंदिर के सामने थाना देवेंद्र नगर जिला रायपुर।

# कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में दी गई विभिन्न जानकारी

भास्कर दूत



**जांजगीर-चांपा** / विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में मनोसाधना शिविर एवं मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल रावटे सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ श्री राहुल श्रीवास्तव ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं मानसिक विकारों से निपटने के तरीकों से अवगत कराया गया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया और बताया कि आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना और मानसिक बीमारियों को लेकर फैली नकारात्मकता को खत्म करने के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों, कार्य स्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, तनाव, चिंता, अवसाद, और जीवनशैली में संतुलन बनाए रखने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। कार्यशाला में बताया गया कि किस प्रकार नियमित ध्यान, योग और सकारात्मक सोच से मानसिक तनाव को कम किया जा सकता है। इस आयोजन का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना और लोगों को इस महत्वपूर्ण विषय पर अधिक खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना था।

# कलेक्टर ने प्रतिभाशाली बालिकाओं का किया सम्मान

भास्कर दूत




**जांजगीर-चांपा** / अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने मां दुर्गा के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पअर्पित कर किया। इस अवसर पर मार्शल आर्ट प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया, जिसकी कलेक्टर श्री छिकारा ने सराहना की। कार्यक्रम में देवी के स्वरूपों में बालिकाओं ने 9 संदेश दिए। कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरूक करने की शपथ भी ली गई।

कार्यक्रम में कलेक्टर ने 10 वीं में माध्यमिक शिक्षा मंडल छ ग की स्थाई मेरिट में आठवा स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी वंशिका राठौर आकांक्षा आवासीय विद्यालय, स्टेट वॉलीवॉल चैम्पियन कुमार रोशनी, प्रथम मिक्स राष्ट्रीय नेटबॉल में छत्तीसगढ़ से गोल्ड मेडल जीतने वाली टीम की हिस्सा रही कुमारी मंदाकनी श्रीवास, कुमारी नेतृता साहू, राष्ट्रपति के साथ भेंट में दिल्ली में ज़िले का प्रतिनिधित्व करने पर कुमारी ऋतम्भरा को सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही कार्यक्रम में कन्या जन्म उत्सव संस्कार का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर ने महिलाओं उपहार भेंट कर शुभकामनाए दी । इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका श्रीमती अनुराधा शुक्ला, श्रीमती संगीता पांडेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक कुमार यादव ने किया।

## गुरु दर्शन मेला में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा गुरुगद्दी की पूजा कर लिया आशीर्वाद





भास्कर दूत

**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा आज बाबा गुरु घासीदास की कर्मभूमि एवं सतनामी पंथ के संत अमरदास की तपोभूमि तेलासी धाम में आयोजित गुरु दर्शन मेला में शामिल हुए। उन्होंने गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना कर नमन किया और छत्तीसगढ़ वासियों की खुशहाली और तरक्की के लिए कामना की। इस अवसर पर तेलासी पुरी धाम सर्वोच्च गुरु गद्दीनशीन आसम दास साहेब भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद जांजगीर चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व विधायक सनम जागड़े, कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी विजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में राजमहंत, संत और श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

### तेलासीपुरी का ऐतिहासिक महत्व

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार से लगभग 40 किलोमीटर दूर भैसा से आरंग मार्ग में ग्राम तेलासी स्थित है। यहां पर बाबा गुरु घासीदास की कर्मभूमि एवं सतनामी पंथ के संत अमरदास की तपोभूमि, जिसे स्थानीय लोग तेलासी बाड़ा भी कहते हैं, स्थित है। सतनाम पंथ के लोगों के लिए यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। 1840 के लगभग, तेलासी बाड़ा का निर्माण गुरु घासीदास के द्वितीय पुत्र बालक दास द्वारा किया गया और उनका यहां जीवन यापन चलता रहा। गुरु बालक दास के निधन के बाद, 1911 में तेलासी के साथ 273 एकड़ जमीन गणेशमल के पास गिरवी रखी गई थी, जिसे समाज के सर्वोच्च गुरु असकरणदास एवं राजमहंत नैन दास कुर्रे के नेतृत्व में 103 समाज के लोगों ने जेल जाकर मुक्त करवाया था।

# नगर पंचायत डौंडीलोहारा में 78 लाख से होंगे कई विकास कार्य

## नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू ने सभी कार्य शीघ्र शुरू करने के दिए निर्देश

भास्कर दूत



**बालोद।** नगर पंचायत डौंडीलोहारा की अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू ने 78 लाख के निर्माण कार्यों को जनहित, लोकहित में ध्यान रखते हुए तत्काल प्रारंभ कराने और समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि चूंकि हमारे लिए नगर हित, लोकहित, नागरिक हित सर्वोपरि है।

डौंडीलोहारा नगर पंचायत की अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे और उप अभियंता उमियंती ठाकुर को नगर में स्वीकृत 78 लाख के निर्माण कार्यों को आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए अति शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आम नागरिकों को मूल भूत सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। लोकेश्वरी साहू ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे और उप अभियंता उमयंती ठाकुर को सतत नगर भ्रमण कर मूलभूत सुविधा का निरीक्षण करते हुए आवश्यकता अनुसार संबंधित कर्मचारी को निर्देश देकर सफाई, पानी, बिजली व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए प्रशासनिक कसावट लाने के लिए बधाई भी दी है।

### निर्माण से संबंधित एजेंसियों से जल्द कार्य शुरू कराएं

बीते दिनों हुई प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार सभी निर्माण कार्यों के निविदा समिति दर अनुमोदन के पश्चात आगे के नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी आर आर कंस्ट्रक्शन, दास कंस्ट्रक्शन, अरिहंत डेवलपर्स, जलाराम कंस्ट्रक्शन को नियमानुसार निर्माण कार्यों के अंतर की राशि नगर पंचायत में जमा करते हुए संबंधित फर्म के साथ अनुबंध कर तत्काल वर्क आर्डर देने के निर्देश दिए गए हैं। अंतर की राशि समय सीमा में जमा नहीं करने वाले संबंधित फार्मो पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### निरीक्षण कर पूर्ण कार्यों का तत्काल भुगतान करना सुनिश्चित करें

चुनाव आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए अति शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के साथ-साथ निर्माण कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण करते हुए पूर्ण कार्यों पर संबंधित ठेकेदारों को भुगतान करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं और प्रगतिरत निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित ठेकेदारों को रनिंग भुगतान करना सुनिश्चित करने का भी निर्देश अध्यक्ष द्वारा दिए गए हैं।

### विभिन्न वार्डों में 78 लाख से होंगे ये कार्य

लोकेश्वरी गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा की अगुवाई में स्वीकृत 78 लाख निर्माण कार्य संबंधित वार्ड में इस प्रकार हैं जिसे अभी कराया जाना है। वार्ड क्रमांक12, 13, 14 विवेकानंद चौक से फॉरेस्ट नाका तक एलईडी लाइट की स्थापना कार्य, वार्ड क्रमांक 15 अंडी चौक से सामुदायिक सांस्कृतिक भवन साहू सदन तक सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 15 अंडी चौक से सांस्कृतिक भवन तक एलईडी लाइट की स्थापना कार्य, वार्ड क्रमांक 10 जैतखाम से प्रहलाद मालेकर घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 13 योगेश श्रीवास्तव घर से टैकसिह पाड़े घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 14 बाजार चौक से विवेकानंद चौक तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड क्रमांक 11 कान्हा जनरल से चर्च तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड क्रमांक 15 आंगनवाड़ी से कृष्णा रजक घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड क्रमांक 4 अशोक सिन्हा घर से खेमू लोहार घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड क्रमांक 1 नागेंद्र दो घर से कचरू घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, गुरुदेव कुशमा घर से पवन घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड क्रमांक 9 उमेश्वर निषाद घर से कोकिला सर घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड क्रमांक 10 महासिंह घर से प्रेम निषाद घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड क्रमांक 5 रवि टंडन के घर से पटेल शांप पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड क्रमांक 13 दुर्गा चौक से डॉक्टर मनोज साहू घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड क्रमांक 10 सोसाइटी से राम प्रसाद सोनकर घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड क्रमांक 11 सार्वजनिक सुलभ शौचालय से थाना परिसर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड क्रमांक 14 मस्जिद चौक से तिलक निषाद घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड क्रमांक 8 जिला सहकारी बैंक से पिंकू सोनी घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड क्रमांक 15 लालाराम यादव घर से दीवान सर घर तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, वार्ड क्रमांक 12 मनोहर साहू घर से ईदगाह तक पाइपलाइन विस्तारीकरण, लोकेश्वरी साहू द्वारा स्वीकृत कराया गया है जिसके लिए लोकेश्वरी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा के साथ-साथ प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग के सदस्य विद्या शर्मा, उपाध्यक्ष सभापति अनीता साहू, ममता शर्मा, अशोक चनाप और झुमुक लाल कोसमा ने छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय निकाय मंत्री अरुण साहू का आभार व्यक्त करते हुए स्वीकृति प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मां मड़वारानी दर्शन के लिए पदयात्रा आज

**अफरीद।** सोमवार 14 अक्टूबर की रात्रि 8 बजे श्री गणेश सेवा समिति अफरीद के तत्वाधान में मां सारंगढ़हीन दाई मंदिर परिसर अफरीद से सैकड़ो भक्तों की टोली मां मड़वारानी के दर्शन के लिए रवाना होगी। प्रति वर्ष नवरात्रि के अवसर पर ग्राम अफरीद सहित आसपास के भक्त 30 किलोमीटर पैदल चलकर पहाड़ पर विराजित मां मड़वारानी के दर्शन के लिए पैदल यात्रा करते है। इस वर्ष भी बड़े उत्साह पूर्वक भक्तों की टोली सोमवर को अफरीद से रवाना होगी। दर्शन उपरांत समिति के तरफ से भंडारा प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है। समिति के सदस्य विवेक राठौर एवं हरीश गुप्ता ने बताया कि रात्रि 8 बजे यात्रा रवाना होगी। वही भक्तों के लिए रास्ते मे जलपान की भी व्यवस्था की जाएगी जो पूर्ण रूप से स्वस्थ है। वही इस यात्रा के दौरान सजगता का विशेष ध्यान देने की अपील की गई है।

### मां की सच्चे मन से उपासना करने से मिलती है शक्ति



**बलौदा बाजार भाटापारा।** लवन,कोलिहा आशी न्यूज एजेंसी मां भगवती की आराधना अगर सच्चे मन से किया जाता है तो मां सबकी संकट दूर कर हर मुराद पूरी कर देती है द्य यही पवित्र भावना के साथ जिला कलेक्टर दीपक सोनी सपत्नीक ने सिंचाई कालोनी स्थित शिवशक्ति मंदिर परिसर में अष्टमी तिथि को हवन पूजन में शामिल होकर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि की कामना की द्य इस अवसर पर समिति के नवनीत अग्रवाल परिवार, के के वर्मा, मति सरिता वर्मा ,बबलू सिरमौर , श्री शिंदे, लक्ष्मी पवार, बल्लू पवार सहित अन्य लोग भी शामिल थे द्य इसके पूर्व समिति के महिलाओं ने मंदिर परिसर में नवकन्याओ की पूजन कर कन्या भोज कराया गया द्य आपको बताते चलें कि हवन पूजन के उपरांत आरती के लिए मति सरिता वर्मा द्वारा सवा लाख बत्ती प्रदान की गई द्य इस सवा लाख बत्ती से की गई मां की आरती उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया द्य आरती उपरांत दीपक सोनी परिवार सहित मंदिर परिसर में स्थित हनुमानजी,शिवजी, एवम ज्योति कक्ष का भी दर्शन कर समिति के सदस्यों का धन्यवाद किया द्य उक्त जानकारी समिति के बबलू सिरमौर,नवनीत अग्रवाल,शिंदे,एवम के के वर्मा ने दी।

### डुंडेरा में 22 परिवार को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत



**बालोद।** ग्राम पंचायत डुंडेरा में 22 परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया, जिसने सरपंच छबिलाल कोर्राम, उपसरपंच प्रवीण ठाकुर, ग्राम पटेल गीरवर मानिकपुरी की उपस्थिति रही।

# मां दुर्गा के प्रतिमाओं का किया नाम आंखों से विसर्जन

भास्कर दूत



**बलौदा बाजार-भाटापारा-** लवन,कोलिहा आशी न्यूज़ एजेंसी 9 दिनों तक चलने वाले शक्ति में भक्ति का पर्व शारदीय क्वाँर नवरात्र में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विधि विधान पूर्वक पूजन हवन यज्ञ पश्चात् मांदर की धुन व जस गीत सेवा गीत भजन कीर्तन करते हुए पूरे माताजी के भक्तों की हुजूम उम्र पड़ी थी भक्तों द्वारा हर्षोल्लास के साथ नम आंखों से विदाई देते हुए प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया कैलेंडर एवं पंचांग के आधार पर माता जी के प्रतिमाओं का विगत लगातार दो दिनों तक विसर्जन किया गया अष्टमी एवं नवमी तिथि एक ही दिन होने के कारण लगातार दो दिनों तक विसर्जन का कार्य किया गया देवी मां की नौ दिनों के नौ रूपों का विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चना करते हुए अपनी अपनी आस्था श्रद्धा एवं विश्वास के साथ आराधना किया गया यह शारदीय नवरात्र आराधना एवं शक्ति के लिए श्रेष्ठ एवं शुभ पर्व माना जाता है सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ग्राम कोलिहा सड़कपार के आयोजक समिति के सदस्य रामचंद्र वर्मा हितेंद्र कुमार वर्मा देवचंद वर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि शारदीय नवरात्र के प्रतिपदा को स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का अंतिम नवमी तिथि 12 अक्टूबर को विधि विधान पूर्वक मांदर की थाप एवं भजन कीर्तन करते हुए शोभा यात्रा निकाला गया माता जी के भक्तों द्वारा जस की सेवा भजन कीर्तन करते हुए शोभायात्रा निकालकर पूरे मोहल्ला गांव का भ्रमण कराया गया तत्पश्चात देवी मां के प्रतिमा का विधि विधान पूर्वक विसर्जन किया गया विसर्जन के पश्चात सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरण का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ पूरे 9 दिन तक चलने वाली आराधना के पर्व शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा मूर्ति स्थापना से लेकर विसर्जन यात्रा तक की सफर में आयोजक समिति के संरक्षक हरिकिशन वर्मा सूर्यकांत वर्मा वीरेंद्र वर्मा धीरेंद्र वर्मा ललित कुमार वर्मा भुवनेश्वर वर्मा राजेश् वर्मा रामचंद्र वर्मा चंद्रकांत वर्मा अश्वनी वर्मा अमित कुमार वर्मा कृष्ण कुमार वर्मा सुरीत वर्मा हुनेंद्र वर्मा देव चंद्र वर्मा हितेंद्र कुमार वर्मा हरि कुमार वर्मा सुनील कुमार वर्मा प्रदीप वर्मा नीलमणि वर्मा जागेश्वर वर्मा खेलावन वर्मा नील कुमार वर्मा छगन वर्मा संजय वर्मा सुनील वर्मा शुभम कश्यप शिव शंकर वर्मा शुभम वर्मा अमन वर्मा धीरेंद्र कुमार वर्मा वैष्णव वर्मा ओम वर्मा नंदू वर्मा लकी वर्मा रूबी वर्मा हर्ष वर्मा प्रीतम वर्मा घनश्याम वर्मा समर वर्मा के साथ-साथ जागृति महिला समूह के किरण वर्मा सीमा वर्मा दिलेश्वरी वर्मा सरोजिनी वर्मा भगिन बाई वर्मा हंसा वर्मा रुक्मणी वर्मा पूजा वर्मा टकेश्वरी वर्मा तेजस्वरी वर्मा शुक्ला वर्मा नम्मी वर्मा योगेशी प्रीति वर्मा इंद्राणी वर्मा वर्मा वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# चार पत्रकारों के द्वारा पत्रकार का हक पर खेला जा रहा फर्जीवाड़े का खेल ऋषि शुक्ला जिम्मेदार मौन...?

## बलौदा बाजार प्रेस क्लब में विवाद की गूंज

भास्कर दूत




**बलौदा बाजार बलौदा बाजार-** भाटापारा के प्रेस क्लब में उठे विवादों ने स्थानीय पत्रकारों के बीच हड़कंप मचा दिया है। वरिष्ठ पत्रकार और दैनिक भास्कर दूत के प्रतिनिधि ऋषि शुक्ला ने नगर पालिका परिषद बलौदा बाजार, अनुविभागीय अधिकारी बलौदा बाजार, जिलाधीश बलौदा बाजार, कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, मयंक श्रीवास्तव (आयुक्त, छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग), पी. दयानंद (सचिव, छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग), मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखते हुए प्रेस क्लब के पुनर्गठन और नई नियमावली की मांग की है। विवाद तब उभर कर सामने आया जब 25 फरवरी 2024 को प्रेस क्लब के सचिव दलजीत सिंह चावला और अन्य के खिलाफ आरोप लगाए गए कि उन्होंने बिना किसी स्पष्ट कारण के एक वरिष्ठ पत्रकार को प्रेस क्लब के व्हाट्सएप ग्रुप से बाहर कर दिया।

जब एक अन्य पत्रकार, जो कार्यकारिणी सदस्य थे, ने इसका विरोध किया, तो उसे भी ग्रुप से हटा दिया गया।

29 फरवरी 2024 को 25 पत्रकारों के नाम प्रेस क्लब की सदस्यता में जोड़ने के आरोपों ने इस विवाद को और भी गहरा दिया। इस संदर्भ में आरोप है कि फर्जी दस्तावेज बनाकर प्रेस क्लब की सदस्य संख्या में हेरफेर की गई और जिलाधीश को भी इस मामले में गुमराह किया गया।

प्रेस क्लब के अंदरूनी मामलों के अनुसार, क्लब की संपत्ति को किराए पर देकर 10 साल से हर महीने 10,000 रुपये की वसूली की जा रही है, जिससे अब तक अनुमानित 12 लाख रुपये की आय प्राप्त की गई है। आरोप है कि इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव रहा है और इसमें शामिल व्यक्तियों का एक समूह सक्रिय रूप से इसे नियंत्रित कर रहा है। इनमें प्रमुख नाम इस प्रकार हैंः-

1. रामाधार पटेल - देशबंधु जिला प्रमुख, बलौदा बाजार
2. नीरज वाजपेयी - नवभारत जिला प्रमुख,बलौदा बाजार
3. पुरुषोत्तम नथनी - हरिभूमि जिला प्रमुख,बलौदा बाजार
4. दलजीत चावला - झोलाछाप सूत्र की जानकारी अनुसार अपने को कहता है वर्तमान सचिव,बलौदा बाजार
5. फल दुकान संचालक - फल दुकान में संचालित,बलौदा बाजार

ऋषि शुक्ला ने अपने पत्र में आग्रह किया कि प्रेस क्लब की गरिमा को पुनः स्थापित करने के लिए एक मजबूत नियमावली बनाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# भोइनापार में नम आखों से दी माता रानी को विदाई

भास्कर दूत



### बालोद। जिला मुख्यालय नगर सहित ग्रामीण अंचलों में विसर्जन करने का दौर दिनभर चलती रही। शारदीय नवरात्रि पर्व पर पंडालों में विराजित मां अम्बे दुर्गा की प्रतिमा विराजित किये हुए थे ।

बाजे गाजे के साथ सेवा गीत गाते डांग डोरी के साथ गलियों में शोभायात्रा निकाली, ग्राम भोइनापार, मोंगरी, परसाही, सलौनी सहित आसपास के ग्रामो विसर्जन यात्रा निकली ।भोइनापार के कलामंच में दुर्गा की प्रतिमा एवं मां सरस्वती की विसर्जन किया गया ।समितियों के सदस्यों द्वारा दुर्गा पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरित हुई ।जिसमें विदाई विसर्जन करने बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ महिलाएँ उपस्थित रहे।

### मोंगरी में बाजे गाजे के साथ निकाली विसर्जन शोभायात्रा

ग्राम मोंगरी में शारदीय नवरात्रि पर्व की धूम रही। जहां भाटापारा मोंगरी में विराजित माँ दुर्गा की प्रतिमाओं को एक साथ शीतला मंदिर में विराजमान दुर्गा को गलियो मे सेवा गीत गाते, भ्रमण किये जिसे तालाब मे विसर्जित की ।जय अम्बे जय दुर्गे की जयकारे की गुंज सुनाई दी। ।तथा पूजा अर्चना कर सुख शांति खुशहाल जीवन की कामना की ,कार्यक्रम के समापन में महा प्रसादी का वितरण किये जिसमे बड़ी संख्या महिलाएँ सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# भविष्य की राह : ईवी चार्जिंग के लिए दिशानिर्देश, 2024

भारत का लक्ष्य 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करना है, इसलिए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) परिवहन क्षेत्र को कार्बन-मुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, ईवी को व्यापक रूप से अपनाना एक विश्वसनीय और सुलभ चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर निर्भर करता है। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना और संचालन के लिए दिशानिर्देश 2024 जारी किए हैं। यह देश भर में चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना में तेज़ी लाने के लिए डिज़ाइन किया गया एक ढांचा है। एक मज़बूत ईवी चार्जिंग नेटवर्क का निर्माण न केवल सुविधा के लिए बल्कि ऊर्जा, सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा का लाभ उठाने और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस विकास से नए उद्योग सृजन, रोजगार पैदा करने और नवीकरणीय ऊर्जा, बैटरी तकनीक और स्मार्ट ग्रिड सिस्टम में नवाचार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिशानिर्देश 2024 की मुख्य विशेषताएं

दिशानिर्देश 2024 शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों एवं दोपहिया वाहनों से लेकर भारी-भरकम ट्रकों तक, विभिन्न प्रकार के वाहनों की ज़रूरतों को पूरा करने वाले चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के तेज़ गति से विस्तार को सुनिश्चित करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रदान करते हैं। दिशा-निर्देश 2024 की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

सार्वजनिक और निजी चार्जिंग स्टेशन: दिशा-निर्देश 2024 में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित अंतराल पर सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण अनिवार्य किए गए हैं, ताकि चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच सुनिश्चित किया जा सके। ईवी को प्रोत्साहित करने के लिए इसकी उपलब्धता महत्वपूर्ण है। वे आवासीय परिसरों, कार्यालयों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में निजी चार्जिंग पॉइंट को बढ़ावा देते हैं। यह व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए पहुंच को सरल बनाते हैं और शहरी और उपनगरीय निवासियों के बीच ईवी अपनाने को और बढ़ावा देते हैं। एक इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकर्ता के रूप में, आपको दिल्ली से शिमला की यात्रा करते समय अपनी ईवी बैटरी चार्ज करने की चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। आपको राजमार्ग पर प्रत्येक 20 किलोमीटर पर एक चार्जिंग प्वाइंट मिल जाएगा। शहर में आने के बाद, आप बिना किसी चिंता के अपने घर या कार्यालय में चार्ज कर सकते हैं।

पारस्परिकता (इंटरऑपरेबिलिटी) : दिशा-निर्देश 2024 की एक प्रमुख विशेषता विभिन्न चार्जिंग नेटवर्क के बीच पारस्परिकता पर जोर देना है। इसका मतलब है कि ईवी उपयोगकर्ता चार्जिंग उपकरण के निर्माता या वाहन के प्रकार की चिंता किए बिना किसी भी चार्जिंग स्टेशन पर अपने वाहन चार्ज कर सकेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर व्यापक रूप से सुलभ और उपयोगकर्ताओं के अनुकूल हो। ईवी उपयोगकर्ताओं के लिए, पारस्परिकता संभावित रूप से कम शुल्क के साथ कई चार्जिंग नेटवर्क तक पहुंच को सक्षम करके अधिक सुविधा, लचीलापन, कम रेंज की चिंता, लागत बचत प्रदान करती है। इसलिए, अगली बार जब आप यात्रा करेंगे, तो आप हाईवे पर या शहर में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन पर अपने ईवी को चार्ज करने के लिए लंबी कतार में इंतजार करते हुए निराश नहीं होंगे।

# हरियाणा ने बदला राजनीतिक माहौल, मुश्किल में कांग्रेस तो बीजेपी को मिली ऊर्जा




संजय गुप्त

लोकसभा चुनाव में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 240 सीटों तक ही सीमित रही तो कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने ऐसा माहौल बनाना शुरू कर दिया कि भाजपा का ग्राफ गिरने लगा है, पर गत दिनों जम्मू-कश्मीर के साथ हरियाणा में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस जिस तरह 37 सीटों पर थम गई तथा भाजपा पिछली बार से अधिक 48 सीटें हासिल कर सत्ता में आ गई, उससे स्पष्ट है कि राजनीतिक वातावरण वैसा नहीं है, जैसा कांग्रेस बता रही है।

आम चुनाव में भाजपा बहुमत से पीछे अवश्य रह गई थी, लेकिन कांग्रेस भी तमाम जोर लगाने के बाद भी 99 सीटें ही हासिल कर सकी थी। हरियाणा के विधानसभा चुनावों से यह साफ है कि लोकसभा चुनावों में भाजपा के कमजोर प्रदर्शन के कुछ अलग ही कारण थे और वे भी मुख्यतः उत्तर प्रदेश और राजस्थान तक ही सीमित थे। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि भाजपा ने उन कारणों का एक हद तक निवारण कर लिया है, जिनके चलते उसे लोकसभा चुनाव में झटका लगा।

भले ही अप्रत्याशित नतीजों के कारण हरियाणा चर्चा के केंद्र में आ गया हो, लेकिन जम्मू-कश्मीर के चुनाव कम महत्वपूर्ण नहीं। अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार हुए चुनावों में भाजपा कश्मीर घाटी में तो अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन उसने यह दिखाया कि वह जम्मू संभाग में सबसे अधिक प्रभावशाली राजनीतिक दल है। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि मोदी सरकार देश के साथ दुनिया को यह जरूरी संदेश देने में सफल रही कि भारत के इस भूभाग में लोकतंत्र न केवल मजबूत है, बल्कि उसकी जड़ें और अधिक गहरी हुई हैं। जम्मू-कश्मीर के चुनाव नतीजों का एक उल्लेखनीय पक्ष यह भी है कि जो तमाम अलगाववादी, कट्टरपंथी चुनाव मैदान में उतरे थे, उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा। यह एक शुभ संकेत है। हरियाणा में भाजपा दस वर्षों से सत्ता में थी। इसके चलते उसके खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान था। ऐसे माहौल को देखते हुए लग रहा था कि इस बार भाजपा के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इन मुश्किलों के बढ़ने की एक वजह यह भी थी कि कांग्रेस की ओर से यह कहा जा रहा था कि किसान, पहलवान और जवान भाजपा से नाराज हैं। ऐसा किसानों के आंदोलन, महिला पहलवानों के मुद्दे और अग्निवीर योजना का उल्लेख करते हुए कहा जा रहा था। शायद भाजपा को अपनी चुनौतियों का भान था, इसलिए उसने कुछ माह पहले मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया और सत्ता में साझीदार दल जननायक जनता पार्टी से भी पीछा छुड़ा लिया। इसके बाद उसने विधानसभा चुनावों में 60 से अधिक विधायकों के टिकट काटकर नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा। कांग्रेस के दुष्प्रचार की काट के लिए उसने भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल के भ्रष्टाचार का भी जमकर प्रचार किया। इस प्रचार के तहत एक ओर जहां यह कहा गया कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो यह भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके करीबियों की सरकार होगी और यदि ऐसा हुआ तो सरकारी नौकरियों में पर्ची और खर्ची का दौर फिर से लौट आएगा। पर्ची और खर्ची का उल्लेख करके यही समझाया गया कि सरकारी नौकरियां या तो सिफारिश से मिलेंगी या फिर रिश्वत देकर। इसी तरह लोगों के छोटे-छोटे काम भी बिना सिफारिश और पैसे के नहीं हो सकेंगे। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पर्ची और खर्ची के जुमले ने लोगों पर असर किया। ऐसा इसीलिए हुआ, क्योंकि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में सरकारी नौकरियों में सिफारिश और पैसे के बल पर भर्ती के साथ-साथ भ्रष्टाचार के अनेक मामले सामने आए थे। भाजपा ने जिस तरह यह माहौल बनाया कि कांग्रेस की सरकार वास्तव में खुद को जाटों का एक मात्र नेता मानने वाले भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके परिवार की सरकार होगी, उससे गैर जाट जातियों को यह संदेश गया कि यदि ऐसा हुआ तो उनकी अनदेखी होगी। हरियाणा में कांग्रेस को इसलिए भी नुकसान हुआ, क्योंकि पार्टी नेतृत्व ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को आवश्यकता से अधिक अधिकार संपन्न कर दिया। इसके चलते उन्होंने 90 में से करीब 70 टिकट अपने लोगों को दिए। इतना ही नहीं, उन्होंने कांग्रेस के अन्य दिग्गज नेताओं कुमारी सैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला को भी किनारे करने का काम किया। टिकट वितरण में भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मनमानी चलने से सैलजा नाराज हो गईं। उन्होंने अपनी नाराजगी छिपाई भी नहीं। इसके चलते दलितों के मन में संदेह पैदा हुआ। कांग्रेस नेतृत्व ने सैलजा की नाराजगी को जब तक दूर करने की कोशिश की, तब तक देर हो चुकी थी। यह भी स्पष्ट है कि कांग्रेस हरियाणा में अपनी जीत को लेकर अति आत्मविश्वास से ग्रस्त हो गई थी और यह मानकर चलने लगी थी कि वह बहुत आसानी से सत्ता हासिल करने जा रही है। जब ऐसा नहीं हुआ तो खिसियाहट में आकर उसने यह कहना शुरू कर दिया कि चुनाव आयोग के रवैये और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में कथित गड़बड़ी के कारण उसे पराजय का सामना करना पड़ा। कांग्रेस नेताओं ने चुनाव नतीजे स्वीकार करने से मना कर दिया। कांग्रेस नेताओं के ऐसे रवैये पर चुनाव आयोग ने उचित ही कठोर आपत्ति जताई।




हरियाणा में कांग्रेस को इसलिए भी नुकसान हुआ क्योंकि पार्टी नेतृत्व ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को आवश्यकता से अधिक अधिकार संपन्न कर दिया। इसके चलते उन्होंने 90 में से करीब 70 टिकट अपने लोगों को दिए। इतना ही नहीं उन्होंने कांग्रेस के अन्य दिग्गज नेताओं कुमारी सैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला को भी किनारे करने का काम किया।

कांग्रेस हरियाणा में अपनी पराजय के कारणों की समीक्षा कर रही है। वह भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ अन्य दिग्गज नेताओं के प्रति अपनी नाराजगी भी प्रकट कर रही है, लेकिन देखना यह है कि वह ऐसे नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई कर सकने में सक्षम हो सकेगी या नहीं? हरियाणा के चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस के सहयोगी दलों ने उसे निशाने पर ले लिया है। सहयोगी दलों का कहना है कि कांग्रेस ने उनका सहयोग लिया होता तो हरियाणा में नतीजे कुछ और होते। जो भी हो, इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कारण ही कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में कोई समझौता नहीं हो सका। हरियाणा में कांग्रेस की हार के गहरे असर होंगे। यह लगभग तय है कि महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों में उसे सहयोगी दलों के दबाव का सामना करना पड़ेगा।

## एक निवेदन

हमने अपने बचपन से यही देखा और समझा है कि सफाई की जवाबदारी नगर पालिका ,नगर निगम आदि नागरिक संस्थाओं की ही है।

तब से यह भाव मन मस्तिष्क में समाहित है कि गंदगी चाहे जो भी हो, उसे ठिकाने लगाने में हमारी कोई जिम्मेदारी नही है।

इस सभ्य समाज में वर्तमान परिवेश मे यह जिम्मेदारी हमें स्वयं लेनी होगी कि मैं सड़क - नाली में वेस्ट मैटेरियल नही डालूँगा बल्कि उस नियत स्थान पर ही ठिकाने लगाऊंगा।

नदियों को सभ्यता का केंद्र कहा जाता है और इसी के आसपास अनेक नगर फलते - फूलते हैं। हर शहरी क्षेत्र में जीवन दायिनी नदी का सहारा होता है ,जिसकी बदौलत हम रोजमर्रा की दिनचर्या आसानी से कर पाते हैं। जिस जीवन दायिनी से हमें जल मिलता है, उसी जीवनदायिनी में हमारे घरों से निकला गंदा पानी नालियों के माध्यम से जाकर मिलता है। यह समस्या विकराल रूप ले रही है।

हमें अपने घर - द्वार को साफ सुथरा रखने, सफाई और झाड़ू के दौरान निकले वेस्ट कचरे को आसानी से खुली नाली में डालते समय तनिक भी संकोच नहीं होता।

आज से चार दशक पूर्व पालिथिन, डिस्पोजल सामग्रियों आदि का चलन नही था। तब कच्ची नालियाँ और नाले होते थे और वेस्ट पानी का बहाव जीवनदायिनी तक पहुँचते तक कुछ हद तक शोधित हो जाता था। वर्तमान परिवेश में गली के रास्ते,सड़कें, नालियाँ आदि पक्की हो चुकी हैं, जिसमें हम ही गंदगी फैला रहे हैं। हालांकि कुछ हद तक स्वच्छ भारत मिशन के तहत जागरूकता बढ़ी है । सड़कों पर मवेशियों का झुंड जैसे अपने मालिक के विरोध में क्रमिक हड़ताल पर बैठे हों, ऐसे जमे रहते हैं।जिनकी दशा देख हर किसी के मन में उनके पालकों के प्रति आक्रोश पैदा हो ही जाता है । सड़क दुर्घटना मे मवेशी घायल होते हैं और इंसान भी इनसे टकरा कर घायल हो रहे हैं।

नित्य निवेदन से शहर स्वच्छ कर डालें,
हम नियत स्थान पर ही कचरा डालें।
हो मेरी गाय मेरे पास
न हो दुर्घटना आस-पास।
सड़कें नाली हों साफ सुथरे,
स्वास्थ्य हमारी इसी से सुधरे।

**गजेंद्र बख्शी**
अधिवक्ता रिद्धि सिद्धि कालोनी
राजनांदगांव

## वांगचुक ने आवाज उठाई

सोनम वांगचुक गांधी जयंती के मौके पर राजधानी आकर अपनी वे शिकायतें सरकार को बताना चाहते थे, जिनको लेकर कई महीनों से वे शक्तिशाली जन आंदोलन चला रहे हैं। लेकिन केंद्र उनसे संवाद तक करने को तैयार नहीं है। समझना मुश्किल है कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी शिकायतें सरकार तक पहुंचाने दिल्ली आए सोनम वांगचुक और उनके समर्थकों को क्यों सिंघु बॉर्डर पर हिरासत में ले लिया गया? वांगचुक गांधी जयंती के मौके पर राजधानी आकर अपनी वे शिकायतें सरकार को बताना चाहते थे, जिनको लेकर कई महीनों से वे शक्तिशाली जन आंदोलन चला रहे हैं। कुछ महीने पहले उन्होंने लद्दाख में अपनी मांगों के समर्थन में लंबा उपवास भी रखा था। लद्दाख में उनकी लोकप्रियता का आलम यह है कि उन्हें हिरासत में लिए जाने की खबर पहुंचते ही स्वतःस्फूर्त ढंग से पूरे इलाके में आम हड़ताल हो गई। वांगचुक की निर्दलीयता निर्विवाद है। जिस समय कश्मीर में अधिकांश ताकतें धारा 370 हटाने के खिलाफ थीं, वांगचुक ने इस कदम और लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने का समर्थन किया था। लेकिन जब उन कदमों से लद्दाख की उम्मीदें पूरी नहीं हुईं, तो वांगचुक ने आवाज उठाई। इसी बीच चीन ने लद्दाख के बड़े इलाके में घुसपैठ कर ली, जिससे वहां के चरवाहों की जमीन उनकी पहुंच से बाहर हो गई। वांगचुक ने यह सवाल भी उठाया। शायद यही बात नरेंद्र मोदी सरकार को चुभ गई, क्योंकि ये मसला उसकी दुखती नब्ज है। वांगचुक और उनके डेढ़ सौ समर्थकों ने एक सितंबर को लेह से दिल्ली तक पैदल यात्रा शुरू की थी। 30 सितंबर को जब यात्रा सिंघु बॉर्डर के रास्ते दिल्ली में दाखिल हुई, तो पुलिस ने वांगचुक और उनके समर्थकों को हिरासत में ले लिया।

## राशिफल

**मेष**
आज किसी रुके हुए कार्य को पूरा करने में बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। नवविवाहित लोगों के जीवन में खुशियों का आगमन होगा। युवाओं के लिए सफलता के नए दरवाजे खुलेंगे। आपको बच्चों के साथ कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा।

**वृषभ**
वृष राशिः आज आपका मन आनंदित रहेगा। जो लोग स्टेशनरी का कार्य करते हैं, उनको आज उम्मीद से अधिक लाभ होने वाला है। पिता जी आपको आज कोई जरूरत का सामान गिफ्ट करेंगे। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी

**मिथुन**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, आज लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। छोटे स्तर पर व्यापार करने वालों को बड़ा लाभ होगा। लवमेट के लिए आज का दिन रिश्तों में मिठास बढ़ाने वाला रहेगा।

**कर्क**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको संभलकर फैसले लेने की जरूरत है। अगर आप खुद का बिजनेस करते हैं, तो आपको किसी से भी बात करते समय अपने शब्दों पर ध्यान देना चाहिए। आपको किसी काम में भाई का सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह**
आज के दिन आप हर तरह से चिंता मुक्त रहेंगे। महिलाओं के लिए दिन बड़ा ही अच्छा रहेगा। कॉमर्स फील्ड से जुड़े छात्रों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों का आज पदोन्नति होने के योग बने हुए हैं। आज आपको व्यापार में आर्थिक लाभ होने की सम्भावना है।

**कन्या**
आज हर कोई आपके साथ चलने की कोशिश करेगा। जो लोग कोर्ट-कचहरी के मामलो से जुड़े हैं, उनके कार्य आज समय से पूरे हो जाएंगे। आपको ऑफिस में मिले नये प्रोजेक्ट को पूरा करने में जूनियर्स का सहयोग मिलेगा। आज घर पर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे।

**तुला**
आज आपके रूके हुए जरूरी काम समय से पूरे हो जाएंगे। जो लोग थियेटर से जुड़े हैं, उन्हें आज सुनहरे अवसर मिलने वाले है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज नई जिम्मेदारी मिलने वाली हैं। आज आपके दाम्पत्य रिश्तें में मधुरता आयेगी। जो लोग नौकरी कर रहें हैं।

**वृश्चिक**
आज पूरे दिन आपके मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। अगर आप कोई नया करोबार शुरू करने के बारे में सोच रहे हैं, तो परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। आज आपका ध्यान किसी घरेलू कार्य को पूरा करने पर लगेगा। आज आपको घर के बुजुर्गों के सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है।

**धनु**
आज आपको जीवन में नया मुकाम प्राप्त होगा। जो लोग फैशन डिजाइनर हैं, आज उनके दिमाग में अच्छे क्रिएटिव थॉट आयेंगे। आज आपके द्वारा किये गए सामाजिक कामों की तारीफ होगी। ट्रांसपोर्ट के कार्यों से जुड़े लोगों को मुनाफा होगा।

**मकर**
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो लोग बिजनेसमैन हैं, उन्हें आज किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। अगर लम्बे समय से किसी बात को लेकर परेशान हैं तो उसे जीवनसाथी के साथ शेयर करे, मन को शांति मिलेगी। किसी को बिना सोचे-समझे पैसा उधार देने से बचें।

**कुंभ**
आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। जो लोग लेखक हैं, आज उनके विचारों का सम्मान होगा। आज सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। आज आपकी बात किसी पुराने दोस्त से होगी। अविवाहितो को आज विवाह के अच्छे प्रस्ताव आयेंगे।

**मीन**
आज आप अपने सोचे हुये कार्यों को जल्दी पूरा करने में सफल होंगे। इस राशि के जो लोग लोहे का बिज़नेस करते हैं, आज उनको उम्मीद से अधिक मुनाफा होगा। भाई से आज आपको कोई उपहार मिलेगा। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं।

## देश में कई दल परिवारवाद से ग्रस्त

द्रमुक के मुखिया और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पार्टी के भीतर वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी करते हुए अपने 46 वर्षीय पुत्र उदयनिधि स्टालिन को उप-मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया। 29 सितंबर को तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा उदयनिधि के साथ चार और मंत्रियों को पद-गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तमिलनाडु और द्रमुक में ऐसा पहली बार नहीं है, जब पिता मुख्यमंत्री और बेटा उप-मुख्यमंत्री रहे हो।

भारतीय राजनीति को परिवारवाद किस प्रकार अपनी ज़द में ले चुका है, तमिलनाडु का हालिया घटनाक्रम उसका उदाहरण है। यहां द्रविड़ मुनेत्र कडग़म (द्रमुक) के मुखिया और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पार्टी के भीतर वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी करते हुए अपने 46 वर्षीय पुत्र उदयनिधि स्टालिन को उप-मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया। 29 सितंबर को तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा उदयनिधि के साथ चार और मंत्रियों को पद-गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तमिलनाडु और द्रमुक में ऐसा पहली बार नहीं है, जब पिता मुख्यमंत्री और बेटा उप-मुख्यमंत्री रहे हो।

वर्ष 2009 में एमके स्टालिन को भी उनके पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री एम.करुणानिधि ने उप-मुख्यमंत्री बना दिया था। जहां स्टालिन की चुनावी राजनीति की शुरूआत वर्ष 1984 में हुई, तो वही स्टालिन के बेटे उदयनिधि पहली बार वर्ष 2021 में विधायक चुने गए। डेढ़ साल बाद ही उदयनिधि मंत्रिमंडल में शामिल हो गए, तो अब वे राज्य के उपमुख्यमंत्री है। ये वही उदयनिधि है, जिन्होंने गत वर्ष सनातन संस्कृति की डेंगू-मलेरिया-कोरोना आदि बीमारियों से तुलना करते हुए उसे समाप्त करने की बात कही थी।

करुणानिधि परिवार की तीसरी पीढ़ी उदयनिधि का हालिया प्रमोशन ऐसे समय हुआ है, जब द्रमुक अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। वर्ष 1949 में सी.एन. अन्नादुरै ने पार्टी की स्थापना की थी। 1969 में उनकी मृत्यु के बाद पार्टी की कमान करुणानिधि के पास चली गई, जो तब प्रदेश के मुख्यमंत्री भी बने। उन्होंने अपने परिवार को राजनीति में आने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने बेटे स्टालिन को उत्तराधिकारी बनाने की हठ ने वैको जैसे नेताओं को दरकिनार कर दिया, जो तब करुणानिधि के बाद पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सबसे उपयुक्त थे। इस कलह के कारण 1994 में द्रमुक का विभाजन हो गया। पार्टी में स्टालिन को अगली चुनौती उनके ही बड़े भाई एम.के. अलागिरी से ही मिली, जिन्हें 2014 में पार्टी से निकाल दिया गया। करुणानिधि की बेटी कनिमोझी पार्टी की लोकसभा सांसद है। द्रमुक के भीतर स्टालिन के बाद उदयनिधि के उभार के खिलाफ बहुत कम चुनौती दिखती है। गांधीजी परिवारवाद के मुखर विरोधी थे। स्वतंत्रता के बाद उनके बड़े बेटे हरिलाल ने लावारिसों की भांति मुंबई स्थित अस्पताल में दम तोड़ा था।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सफलता का रहस्य

नागपुर से शुरू हुआ संघ विशाल वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इस वटवृक्ष की छांव में भारत की संस्कृति और परम्परा पुष्पित पल्लवित हो रही है। आज 50 से अधिक संगठन विविध क्षेत्रों में संघ से प्रेरणा लेकर कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष 2025 विजयादशमी का पावन पर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष का शुभारम्भ है। हिन्दू संगठन और राष्ट्र को परमवैभव पर ले जाने के जिस उद्देश्य को लेकर सन 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में डा. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उस ध्येय पथ पर संघ निरन्तर बढ़ता जा रहा है। किसी भी जीवंत संगठन के लिए शताब्दी वर्ष तक की यात्रा बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जाती है। कोई भी संगठन किसी निश्चित उद्देश्य से बनता है और दस,बीस, पचास साल में उसकी महत्ता घट जाती है। जबकि संघ में ऐसा नहीं है। अभी भी संघ बूढ़ा नहीं बल्कि चिरयुवा है। इस सुदीर्घ यात्रा में संघ ने राष्ट्र के नवोत्थान का पथ आलोकित किया है। देशवासियों में देश के प्रति निष्ठा व समर्पण का भाव जगाया है। अब तक की यात्रा में हिन्दू संगठन के साथ-साथ आम लोगों का विश्वास जीतने और राष्ट्र जागरण के प्रयास में संघ पूर्णतया सफल रहा है। देश दुनिया में आरएसएस नाम से विख्यात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। संघ की तुलना किसी दूसरे संगठन से नहीं कर सकते क्योंकि तुलना करने के लिए भी इसके जैसा कोई होना चाहिए। इसीलिए बहुत से लोग स्वार्थवश संघ को बुरा भला कहते हैं। कुछ लोग अज्ञानवश भी संघ की आलोचना करते हैं क्योंकि उनको संघ की असलियत पता नहीं है। नागपुर से शुरू हुआ संघ विशाल वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इस वटवृक्ष की छांव में भारत की संस्कृति और परम्परा पुष्पित पल्लवित हो रही है। आज 50 से अधिक संगठन विविध क्षेत्रों में संघ से प्रेरणा लेकर कार्य कर रहे हैं। यह सभी संगठन स्वायत्त जरूर हैं लेकिन उनके पीछे संघ की शक्ति ही सक्रिय है। विविध क्षेत्रों में कार्य करने वाले संघ के आनुषांगिक संगठन विश्व के शीर्ष संगठनों में शुमार हैं। चाहे किसान संघ हो, मजदूर संघ हो, विद्यार्थी परिषद हो, वनवासी बंधुओं के बीच कार्य करने वाला संगठन वनवासी कल्याण आश्रम हो, शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती,धर्म के क्षेत्र में सक्रिय विश्व हिन्दू परिषद हो या फिर राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय भारतीय जनता पार्टी। यह सब विश्व में चोटी के संगठन हैं। कुल मिलाकर देखेंगे तो पायेंगे समाजजीवन का ऐसा कोई क्षेत्र अक्षूता नहीं है जिस क्षेत्र में संघ के कार्यकर्ता काम न कर रहे हों। लोगों के लिए यह आश्चर्य का विषय है कि ऐसी कौन सी शक्ति या विजन है कि संघ इतना पुराना संगठन होने के बावजूद उसकी शक्ति नित्य—प्रति बढ़ती जा रहै। लोग कहते हैं कि आखिर संघ की सफलता का रहस्य क्या है? यह जानने के लिए संघ स्थापना की पृष्ठभूमि पर गौर करना आवश्यक होगा। डा. हेडगेवार ने राष्ट्र की समस्याओं का आकलन किया और उनके समाधान के सूत्र खोजे।



## वजूद और बेज़ार

गुलशन से ही गुल होते रहें हैं रवां।
ये तभी सूझता है जब होते हैं जवां।
मैं नहीं था अश्क का कोई कतरा।
नजर से मुझे गिराया खूब अखरा।
मुझे बता दिया मेरा क्या वजूद है?
मैंने इंकार न किया सब कबूल है?
हमें आपसे बहुत उम्मीदें-वफ़ा थी।
नहीं था पता तुम इतनी ख़फ़ा थी।
हर मोड़ पर तूने दिया है मुझे दगा।
लो अच्छा ही हुआ मैं नहीं था सगा।
मैं तो तुझसे अब भी बेज़ार नहीं हूँ।
खुशी है मुझे तेरा गुनहगार नहीं हूँ।

**संजय एम. तराणेकर**
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इंदौर (मध्यप्रदेश)

## शब्द सामर्थ्य– 398

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

## शब्द सामर्थ्य – 397

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## सू-दोकू क्र. 398

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र. 397 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

भास्कर दूत

रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024

# सुरक्षित निवेश के कारण सोने की कीमतों में तेजी जारी



नई दिल्ली । सोने में निवेश को सुरक्षित माना जाता है। बजट 2024 में सीमा शुल्क दरों में कटौती का ऐलान हुआ था, जिसके बाद से ही सोने की कीमतों में लगातार उछाल देखा जा रहा है। इस महीने कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। पीली धातु भारतीय निवेशकों के लिए आकर्षक संपत्ति बनी हुई है।

बुलियन एसोसिएशन के अनुसार आखिरी कारोबारी दिन सोने की कीमत 75,940 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी। अक्टूबर के पहले सप्ताह में कीमतें 76,390 रुपये तक पहुंच गई थीं और वायदा कीमतें भी 75,000 रुपये को पार कर गई थीं।पिछले कुछ महीनों से सोने की कीमतों में तेजी स्थिर रही है, लेकिन इस महीने की शुरुआत से ही कीमतें 75,000 रुपये से अधिक बनी हुई हैं।

जेएम फाइनेंशियल के अक्षय पी भागवत ने कहा, एक कमोडिटी के रूप में सोने में जबरदस्त तेजी देखी गई है। अल्पावधि में इसमें थोड़ा सुधारात्मक कदम उठाया गया है, जिससे गिरावट पर खरीदारी का अवसर मिला है।कुछ विश्लेषकों ने सोने की कीमतों में तेजी के रुकने की आशंका जताई है, लेकिन फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती और अन्य भू-राजनीतिक तनावों जैसे वैश्विक संकेतों ने सोने की कीमतों को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा दिया है।

भागवत ने कहा, दीर्घावधि में, सभी अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल को देखते हुए, सोना एक सुरक्षित वित्तीय परिसंपत्ति बना हुआ है, जिसमें निवेशक अपने धन का एक हिस्सा निवेश करते हैं।

सोने की कीमतों पर दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। बाजार में अस्थिरता और वैश्विक संघर्षों के बीच पीली धातु सुरक्षित निवेश के नजरिए से देखी जा रही है।

उन्होंने आगे कहा, लक्ष्यों की बात करें तो लंबी अवधि के चार्ट पर 3,000 डॉलर का लक्ष्य हासिल किया जा रहा है।

# भारतीय टेक सेक्टर में जुलाई-सितंबर में हुए 76.1 करोड़ डॉलर के 83 सौदे

**नई दिल्ली ।** भारतीय टेक सेक्टर में इस साल की तीसरी तिमाही में 76.1 करोड़ डॉलर मूल्य के 83 सौदे हुए, जो 2023 की दूसरी तिमाही के बाद से सबसे अधिक संख्या है। आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।



ग्रांट थॉर्नटन भारत के डीलट्रैकर के अनुसार, दूसरी तिमाही की तुलना में सौदों की संख्या पांच प्रतिशत और मूल्य 31 प्रतिशत बढ़ा। इस दौरान 79 विलय-अधिग्रहण और निजी इक्विटी (पीई) के सौदे हुए जिनकी कुल कीमत 63.5 करोड़ डॉलर रही है।डील एक्टिविटी बड़े पैमाने पर अधिग्रहण की बजाय अधिक रणनीतिक निवेश की ओर बदलाव को दर्शाती है। हालांकि, इस तिमाही में दो करोड़ डॉलर से अधिक मूल्य के 12 सौदे हुए।

सौदों में पीई का बोलबाला रहा। कुल सौदों में मूल्य के आधार पर 82 प्रतिशत योगदान पीई सौदों का रहा, जिसमें 10 करोड़ डॉलर से अधिक के तीन बड़े सौदे शामिल हैं, जिनका योगदान 35.8 करोड़ डॉलर था। भारत में पिछले वर्ष की तीसरी तिमाही की तुलना में संख्या के लिहाज से इस वर्ष 58 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, लेकिन मूल्य के हिसाब से 53 प्रतिशत गिरावट आई। जुलाई-सितंबर तिमाही में कुल 5.9 करोड़ डॉलर मूल्य के दो आईपीओ हुए, जो पिछली तिमाही से बेहतर रहे। 6.7 करोड़ डॉलर मूल्य के दो सौदों के साथ क्यूआईपी गतिविधि स्थिर रही। साल 2024 की पहली तिमाही में गिरावट के बाद विलय और अधिग्रहण गतिविधियों में उछाल आया, जो 2023 की दूसरी तिमाही के बाद से सबसे अधिक सौदों की संख्या को दर्शाता है। साल 2024 की तीसरी तिमाही में सौदों की संख्या 44 प्रतिशत बढ़कर 26 हो गई, जो पिछली तिमाही में 18 थी। सौदों का मूल्य 205 प्रतिशत बढ़कर 11.6 करोड़ डॉलर हो गया, जो दूसरी तिमाही में 3.8 करोड़ डॉलर था। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की तीसरी तिमाही की तुलना में, मात्रा में 53 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि बड़े सौदों की अनुपस्थिति के कारण मूल्यों में 89 प्रतिशत की कमी आई। रिपोर्ट में कहा गया है, घरेलू विलय एवं अधिग्रहण गतिविधि 2022 की पहली तिमाही के बाद से अपने उच्चतम तिमाही स्तर पर पहुंच गई है, जो इस क्षेत्र में मजबूत गतिविधि को दर्शाता है।

# सूडान से आयात घटने और घरेलू डिमांड बढ़ने से मगज तरबूज में उछाल

**जयपुर ।** हाजिर माल की कमी तथा चौतरफा डिमांड के चलते मगज तरबूज (तरबूज के बीज) की कीमतों में इन दिनों जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। जयपुर मंडी में एक माह के अंतराल में ही मगज तरबूज 100 रुपए उछलकर वर्तमान में 525 रुपए प्रति किलो के आसपास थोक में बिकने लग गया है।

दीनानाथ की गली स्थित फर्म मालीराम दिनेश कुमार के मुकेश अग्रवाल ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के शुरू से ही अफ्रीकी देश सूडान से भारत में मगज तरबूज का आयात नहीं के बराबर हो रहा है, जबकि घरेलू स्तर पर इसका स्टॉक भी कम मात्रा में बचा हुआ है।





अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान जैसे महत्वपूर्ण उत्पादक राज्यों में मगज तरबूज का बिजाई क्षेत्र एवं उत्पादकता घटती जा रही है। हाईब्रिड किस्म की खेती अधिक होने लगी है, जिसमें बीज कम होते हैं।

ध्यान रहे 31 मार्च 2024 तक सूडान सहित कुछ अन्य देशों से भारी मात्रा में तरबूज बीज का आयात होने से घरेलू स्तर पर इसकी आपूर्ति एवं उपलब्धता बढ़ गई थी तथा कीमतों में भी नरमी आ गई थी। इसके भाव घटकर 400 रुपए प्रति किलो के आसपास आ गए थे। मगर अब फिर से डिमांड निकलने से इसकी कीमतें उछलने लगी हैं।

जहां तक देशी मगज तरबूज का सवाल है, पिछले साल इसका भाव 800 रुपए प्रति किलो की ऊंचाई पर पहुंच गया था। चूंकि इन दिनों सूडान से माल नहीं आ रहा है, लिहाजा स्टॉकिस्ट मगज तरबूज की भारी खरीदारी करने में व्यस्त हैं। जानकारों के अनुसार तेजी का एक और कारण ये भी है कि इन दिनों काजू टुकड़ी के भाव 800 रुपए प्रति किलो के पार निकल गए हैं। इसलिए ग्रेवी एवं काजू कतली बनाने वालों की डिमांड भी मगज तरबूज में निकल गई है। ग्रेवी बनाने के लिए रेस्टोरेंट वालों की लिवाली मगज तरबूज में लगातार बनी हुई है।

# दो पत्ती का पहला गाना रांझणा जारी, कृति सैनन-शाहीर शेख की केमिस्ट्री ने जीता दिल



अभिनेत्री कृति सैनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दो पत्ती को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म के जरिए कृति बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। दो पत्ती कृति के होम प्रोडक्शन ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स की पहली फिल्म है।इस फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री काजोल भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।अब दो पत्ती का पहला गाना रांझणा रिलीज हो गया है, जिसे परम्परा टंडन ने अपनी आवाज दी है। रांझणा के बोल कौसर मुनीर ने लिखे हैं। इस गाने में कृति नशे में धुत नजर आ रही हैं, वहीं शाहीर शेख संग उनकी कमेस्ट्री ने दिल जीत लिया है।दो पत्ती सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर 25 अक्टूबर, 2024 से होने वाला है। इस फिल्म में कृति डबल रोल में नजर आएंगी।दो पत्ती के निर्देशन की कमान कनिका ढिल्लों ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित फिल्म दो पत्ती में जुड़वा बहनों की एक पेचीदा कहानी दिखाई गई है, जिसमें रहस्य छिपे हैं और एक पुलिस हत्या के प्रयास के एक मामले में सच्चाई का पता लगाने के लिए तत्पर है। कृति सेनन और काजोल के अलावा इस फिल्म में शाहीर शेख, तन्वी आजमी और बृजेंद्र काला भी हैं। फिल्म की कहानी में काजोल को एक पुलिस अधिकारी के रूप में दिखाया गया है जो बेपरवाह कृति सेनन से पूछताछ कर रही हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर देवारा के लिए चंद करोड़ कमाना हुआ मुश्किल, अब वेट्टैयन बिगाड़ेगी खेल



कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित मोस्ट अवेटेड तेलुगु एक्शन ड्रामा 'देवारा पार्ट 1' 27 सितंबर, 2024 को दुनिया भर में रिलीज़ हुई थी. जूनियर एनटीआर स्टारर इस फिल्म को पहले दिन दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और इसने बंपर कलेक्शन किया लेकिन फिर इसकी कमाई घटनी शुरू हुई और वीकेंड को छोड़ दें तो फिल्म वीकडेज में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास परफॉर्म नहीं कर पाई है. अब दूसरे हफ्ते में तो 'देवारा पार्ट 1' की हालत पतली हो गई है. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के 13वें दिन कितना कारोबार किया है? 'देवारा पार्ट 1' में जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर ने अहम रोल प्ले किया है. इस एक्शन थ्रिलर फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर बंपर ओपनिंग हुई थी जिसके बाद लग रहा था कि ये फिल्म टिकट काउंटर पर धमाल मचा देगी लेकिन फर्स्ट वीकेंड के बाद तो ऐसा लग रहा है कि फिल्म को जैसे किसी की नजर लग गई है।

# सिंघम अगेन से क्लैश के बावजूद धुंआधार कमाई करेगी भूल भुलैया 3, बनेगी फ्रेंजाइजी की बिगेस्ट ओपनर!



इस बार की दिवाली बेहद खास होने वाली है. दो बिग बजट फिल्में भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन रिलीज हो रही हैं. दोनों ही फिल्मों के ट्रेलर रिलीज हो गए हैं और फैंस ने भर-भरकर प्यार दिया. दिवाली पर जबरदस्त क्लैश देखने को मिलने वाला है.

ट्रेलर के बाद अजय देवगन की फिल्म की तरफ फैंस थोड़े से बायस्ड दिख रहे हैं. हालांकि, खबरें हैं कि इसके बावजूद कार्तिक आर्यन की फिल्म पर कुछ खास असर नहीं दिखेगा. भूल भुलैया 3 फ्रेंजाइजी की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली मूवी बन सकती है. कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, भूल भुलैया 3 पहले दिन इंडियन बॉक्स ऑफिस पर नेट 17 से 20 करोड़ की कमाई कर सकती है. जो कि भूल भुलैया के दोनों पार्ट से ज्यादा होगा. भूल भुलैया 2 ने पहले दिन 14.11 करोड़ कमाए थे.

मालूम हो कि बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर ऑफिशियली कुछ भी सामने नहीं आया है.

भूल भुलैया 3 की बात करें तो इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी जैसे स्टार्स हैं. इस फिल्म के लिए कार्तिन मोटी फीस ली है. ये कार्तिक के करियर की अबतक की सबसे बड़ी फिल्म है. फैंस को इस फिल्म और कार्तिक से काफी उम्मीदें हैं. वहीं फैंस विद्या बालन और माधुरी दीक्षित का डांस फेसऑफ भी देखने के लिए बेसब्र हैं. फिल्म में विद्या और माधुरी मंजुलिका के रोल में हैं. फिल्म के ट्रेलर को 46 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं. फिल्म को अनीस बज्मी ने डायरेक्ट किया है.

सिंघम अगेन की बात करें तो इसमें अक्षय कुमार, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर, जैकी और टाइगर श्रॉफ जैसे स्टार्स भी नजर आएंगे. फिल्म को रोहित शेट्टी ने डायरेक्ट किया है।

## खेल





*हैदराबाद। भारत ने बांग्लादेश को तीसरे टी-20 में 133 रन से हरा दिया। हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में भारत ने शनिवार को पहले खेलते हुए 6 विकेट खोकर 297 रन बनाए थे। यह भारत का सबसे बड़ा टी-20 स्कोर रहा। बांग्लादेश 7 विकेट के नुकसान पर 164 रन ही बना सका। भारत से संजू सैमसन ने 40 गेंद पर सेंचुरी लगाई, वह 111 रन बनाकर आउट हुए। सूर्यकुमार यादव ने 75, हार्दिक पंड्या ने 47 और रियान पराग ने 34 रन बनाए। रवि बिश्नोई ने 3 विकेट लिए। बांग्लादेश से तौहिद हृदॉय ने 63 और लिटन दास ने 42 रन बनाए। वहीं तेज गेंदबाज तंजिम हसन साकिब ने 3 विकेट लिए।*

# भारत ने 133 रन से जीता तीसरा टी-20

### 297 रन का बेस्ट स्कोर बनाया, बांग्लादेश पर 3-0 से क्लीन स्वीप; सैमसन की सेंचुरी

तीसरा टी-20 जीतकर भारत ने 3 मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली। टीम इंडिया ने पहला मैच 7 विकेट और दूसरा मैच 86 रन से जीता था। भारत ने इससे पहले बांग्लादेश को 2 टेस्ट की सीरीज 2-0 से हराई थी। टीम इंडिया अब 16 अक्टूबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। भारत- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रियान पराग, नीतीश कुमार रेड्डी, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई और मयंक यादव।

बांग्लादेश- नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), परवेज हुसैन इमोन, लिटन दास (विकेटकीपर), तंजीद हसन तमीम, तौहीद हृदॉय, महमूदुल्लाह, शेख महेदी हसन, तस्कीन अहमद, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान और तंजीम हसन साकिब।





### बांग्लादेश 164 रन ही बना सका

298 रन के टारगेट के सामने बांग्लादेश 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 164 रन ही बना सका। इस तरह टीम ने 133 रन से तीसरा टी-20 गंवा दिया। यह टी-20 में भारत की बांग्लादेश पर सबसे बड़ी जीत है। ओवरऑल यह रन के अंतर से टीम इंडिया की तीसरी सबसे बड़ी जीत रही। टीम ने 2023 में न्यूजीलैंड को 168 रन से हराया था।

बांग्लादेश से तौहिद हृदॉय ने 63 और लिटन दास ने 42 रन बनाए। तंजिद हसन तमीम ने 15 और नजमुल हुसैन शांतो ने 14 रन बनाए। बाकी कोई भी बैटर 10 रन का आंकड़ा नहीं पार सका। भारत से रवि बिश्नोई ने 3 और मयंक यादव ने 2 विकेट लिए। 1-1 सफलता नीतीश रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर को मिली।

### हृदॉय ने छक्का लगाकर फिफ्टी पूरी की

तौहिद हृदॉय ने 18वें ओवर में रवि बिश्नोई के खिलाफ मिड-विकेट की दिशा में छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने 35 गेंद पर अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। हृदॉय के बाद लिटन दास ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। पारी के 18वें ओवर में रवि बिश्नोई ने अपना तीसरा विकेट लिया। उन्होंने रिशाद हुसैन को अभिषेक शर्मा के हाथों कैच कराया। रिशाद खाता भी नहीं खोल सके।

### नीतीश रेड्डी को पहला विकेट

17वें ओवर में नीतीश रेड्डी ने अपना विकेट लिया, उन्होंने मेहदी हसन को लॉन्ग ऑन पर रियान पराग के हाथों कैच कराया। मेहदी ने 9 गेंद पर 3 रन बनाए।

## एक नजर

# हैदराबाद में भी हुए फ्लॉप तो टीम इंडिया से ड्रॉप हो सकते हैं सैमसन और अभिषेक

**नईदिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम को बांग्लादेश के खिलाफ तीसरा और आखिरी टी 20 मैच 12 अक्टूबर को हैदराबाद में खेलना है. शुरूआती 2 मैच जीत टीम इंडिया सीरीज जीत चुकी है. तीसरा मैच उन खिलाड़ियों को तराशने का है जिन्हें पहले 2 मैच में मौका नहीं मिला है. साथ ही उन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी नजर होगी जिनका प्रदर्शन पिछले 2 मैचों में अच्छा नहीं रहा है. तीसरे मैच में भी अगर ये खिलाड़ी प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो फिर आगे के लिए उनकी राह मुश्किल हो सकती है. बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी 20 में टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी. इन दोनों खिलाड़ियों ने टीम के लिए पिछले दोनों मैचों में पारी की शुरुआत की है लेकिन दोनों ही मैचों में ये फ्लॉप रहे हैं. इसलिए तीसरा मैच इन दोनों के लिए काफी अहम और निर्णायक रहने वाला है. एक और खराब प्रदर्शन इन्हें टीम से बाहर करवा सकता है. सैमसन और अभिषेक दोनों को पहले 2 टी 20 में ओपनिंग करने का मौका मिला था. इन दोनों के पास पूरा मौका था बड़ी पारी खेलने का. लेकिन ये दोनों ही बल्लेबाज पिछली दोनों पारियों में फ्लॉप रहे हैं. सैमसन पहले टी 20 में 29 तो दूसरे में 10 रन बनाकर आउट हुए. वहीं अभिषेक शर्मा पहले टी 20 में 16 तो दूसरे टी 20 में 15 रन बनाकर आउट हुए. इन दोनों से तीसरे मैच में बड़ी पारी की उम्मीद टीम को है.



# भारत के ख़िलाफ़ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ग्रीन का खेलना संदिग्ध



**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन का पीठ में लगी चोट के चलते भारत के ख़िलाफ़ होने वाली अहम बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज़ में खेलना संदिग्ध माना जा रहा है।दरअसल, इंग्लैंड दौरे पर ग्रीन को लगी चोट के उपचार के लिए उन्हें सर्जरी से गुज़रना पड़ सकता है।

हालांकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की मेडिकल टीम के मुताबिक़ सर्जरी आख़िरी विकल्प है, उससे पहले वह कोशिश कर रहे हैं कि भारत के ख़िलाफ़ होने वाली टेस्ट सीरीज़ से पहले बिना सर्जरी के वह ठीक हो जाएं।

इंग्लैंड के ख़िलाफ़ तीसरे वनडे के बाद ही ग्रीन को पीठ में तकलीफ़ हुई थी और उसके बाद वह स्वदेश लौट आए थे। उनका इंग्लैंड में भी स्कैन हुआ था और फिर ऑस्ट्रेलिया लौटने के बाद भी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की मेडिकल टीम ने उनका स्कैन किया था। फ़िलहाल इस बात पर विचार किया जा रहा है कि बिना सर्जरी के उन्हें कैसे ठीक किया जा सकता है लेकिन अब तक इसको लेकर कोई आधिकारिक प्लान नहीं आया है। 25 वर्षीय ग्रीन को इससे पहले भी चार बार स्ट्रेस फ़्रैक्चर से गुज़रना पड़ा है, हालांकि 2019 के बाद से उन्होंने अपना ध्यान सावधानीपूर्वक रखा है।

अगर सर्जरी होती है तो फिर उन्हें पूरे दौरे से ही बाहर होना पड़ेगा। लेकिन अगर बिना सर्जरी के उनका इलाज संभव हो पाया तो फिर वह सिर्फ़ बल्लेबाज़ के तौर पर खेल सकेंगे। हालांकि अब तक ये साफ़ नहीं है कि ऐसा होता है तो वह कब तक चयन के लिए उपलब्ध हो सकेंगे।

# पाकिस्तान की हार से निराश कप्तान शान मसूद ने कहा, हमें 20 विकेट लेना सीखना होगा





**मुल्तान ।** पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद टेस्ट सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड के हाथों पारी और 47 रन से हारने के बाद निराश दिखे। उन्होंने कहा कि मेजबान टीम को यह सीखने की जरूरत है कि पांच दिनों के खेल में 20 विकेट कैसे लिए जाएं।

पाकिस्तान के लिए यह हार किसी बुरे सपने की तरह है, क्योंकि टॉस जीतकर इस टीम ने पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी की और 500 से ज्यादा का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान, टेस्ट इतिहास की पहली टीम बन गई है जो अपनी पहली पारी में 500 से ज्यादा रन बनाने के बाद पारी से हार गई। आम तौर पर यहां से मुकाबला या तो पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीत जाती है, या फिर नतीजा ड्रॉ रहता है।

मैच के बाद मसूद ने कहा, जब आप बोर्ड पर 556 रन बनाते हैं, तो 10 विकेट लेकर उसे और मजबूत करना और खेल को अपने पक्ष में बनाए रखना बहुत जरूरी होता है लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। एक टीम के तौर पर हमें दूसरी पारी की बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात, जैसा कि मैंने पहले भी कहा कि हमें 20 विकेट लेना सीखना होगा। आगे बढ़ने के लिए हमारे सामने यह सबसे बड़ी चुनौती है।

पाकिस्तान अब तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से पीछे है और दूसरा टेस्ट 15 अक्टूबर से मुल्तान में शुरू हो रहा है। घरेलू मैदान पर लंबे प्रारूप में उनका खराब प्रदर्शन लगातार और निचले स्तर पर जा रहा है। हालांकि, मसूद ने वादा किया कि वह पाकिस्तान के लिए बदलाव की पटकथा लिखने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे।

# इंग्लैंड ने मुल्तान टेस्ट में पाकिस्तान को दी पारी से मात

**मुल्तान ।** इंग्लिश क्रिकेट टीम ने मुल्तान में खेले गए पहले टेस्ट मैच में मेजबान पाकिस्तान को पारी और 47 रन से हरा दिया। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार कोई टीम 500 से ज्यादा रन बनाने के बाद भी मैच हार गई। इस मैच में इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाज जैक लीच ने अपना सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन किया। मुल्तान टेस्ट जीतकर इंग्लैंड ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। इंग्लैंड की इस शानदार जीत से पाकिस्तान, जो दूसरी पारी में 220 रन पर सिमट गई, टेस्ट इतिहास में पहली टीम बन गई है जो अपनी पहली पारी में 500 रन बनाने के बाद पारी से हार गई। लेफ्ट आर्म स्पिनर जैक लीच ने 30 रन पर चार विकेट झटके। इंग्लैंड की पारी के तिहरे शतकधारी हैरी ब्रूक को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।




# छग सर्व कूर्मि क्षत्रीय समाज जिला बालोद का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष से मिला

## प्रदेश अध्यक्ष विजय बघेल को दशहरा पर्व की दी शुभकामनाएं, बालोद आने निमंत्रण भी दिया

भास्कर दूत

**बालोद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रीय समाज बालोद जिला के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रीय समाज प्रदेश अध्यक्ष विजय बघेल से उनके निवास में मुलाकात कर दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। इसके साथ बालोद जिला में समाज के गठन की भी जानकारी दी। साथ ही बालोद जिला आने का न्योता भी दिया, जिसे अध्यक्ष विजय बघेल ने सहर्ष स्वीकार किया।



छत्तीसगढ़ प्रदेश सर्व कूर्मि क्षत्रीय समाज के बालोद जिलाध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख के नेतृत्व में बालोद जिला का एक प्रतिनिधिमंडल समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय बघेल से मुलाकात कर समाज की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि जिला स्तर पर समाज के कार्यकारिणी का गठन कर जिले के सभी तहसीलों में भी तहसील स्तरीय समिति का गठन कर लिया गया है। साथ ही आगामी दिनों में शपथ ग्रहण समारोह रखने की योजना है। कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए विजय बघेल ने जिला कार्यकारिणी के गठन पर खुशी जताई। साथ ही आने वाले दिनों में जो भी आयोजन होगा उसमें शामिल होने का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी लोगों से समाज विकास के लिए सतत सक्रिय रहने का आह्वान किया। कहा कि समाज सर्वोपरि है समाज प्रमुखों की जिम्मेदारी समाज के सभी लोगों को जोड़कर चलने की है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सर्व कूर्मि क्षत्रीय समाज जिला बालोद के अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख, संरक्षक बृजेश चंद्राकर, महामंत्री चेमन देशमुख, उपाध्यक्ष टीकम पिपरिया, उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, गुंडरदेही तहसील अध्यक्ष तामेश्वर देशमुख, अरजुंदा तहसील अध्यक्ष ओम देशमुख आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम कस में नम आंखों से विसर्जित किया गया मां दुर्गा की प्रतिमा



**गरियाबंद** । आज शनिवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दुर्गा पूजा पंडालों में पूजा समाप्त होने के बाद भक्त नम आंखों से मइया की मूर्ति का विसर्जन कर रहे हैं। कस में दुर्गा उत्सव समिति के लोग ग्राम के मुख्य शीतला तालाब में मूर्ति विसर्जन किया। शारदीय नवरात्र की दशमी तिथि अर्थात विजयादशमी पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन हुआ। दुर्गा पूजा पंडालों में सप्तमी तिथि से चल रही पूजा समाप्त होने के बाद भक्त नम आंखों से मइया की मूर्ति का विसर्जन कर नवा खाई का पर्व मनाया गया। गरियाबंद में शारदीय नवरात्र संपन्न होने पर माता रानी के विविध स्वरूपों का पूजन अर्चन करने के बाद अब उनकी धूमधाम से विदाई दी गई। दुर्गा पंडालों से मूर्तियों को विसर्जन के लिए नाचते गाते जयकारे लगाते जस गीत के साथ धूमधाम से ले जाया गया।

### कांग्रेस नेता आनंद बने विधायक प्रतिनिधि

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कांग्रेस नेता आनंद अग्रवाल को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। वे जिला सक्ती अंतर्गत खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में होने वाली समस्त बैठकों में नेता प्रतिपक्ष सक्ती विधायक की अनुपस्थिति में शामिल होंगे। इसके लिए डॉ. महंत ने अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। आनंद अग्रवाल ने कहा कि डॉ. महन्त ने जिस प्रकार उन पर विश्वास जताया है, उस पर वे खरे उतरने का प्रयत्न करेंगे। निश्चित तौर पर डॉ. महंत के नेतृत्व में सक्ती विकास के आयाम स्थापित करेगा और सभी मिलकर सक्ती को एक नई दिशा प्रदान करेंगे।



### पंडालों में कन्याभोज, भंडारा व ज्वारा विसर्जन के बाद नवरात्रि पूर्ण

**बाराद्वार।** शनिवार को स्थानीय मां काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, गुलाब मंदिर, खोड़ियार मंदिर, बंजारी मंदिर सहित नगर के सभी देवी मंदिरो, पण्डालो व आसपास के गांवों में नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी को कन्याभोज, ज्वारा विषर्जन के साथ शारदीय नवरात्रि संपन्न हुई। सभी घरों, देवी मंदिरो एवं पंडालों में शारदीय नवरात्रि का समापन हुआ। मां काली मंदिर में कन्याभोज, भण्डारा एवं कलश विर्षजन के बाद नौ दिवसीय नवरात्रि संपन्न हुआ। सभी देवी मंदिरों एवं पंडालों में शुक्रवार को अष्टमी की रात्रि 11 बजे से देर रात्रि तक हवन पूजन किया गया एवं शनिवार नवमीं की सुबह 11 बजे कन्याभोज हुआ, जिसमे कुंवारी कन्याओ को भोजन कराने के बाद उनका पूजन किया गया, जिसके बाद माँ काली मंदिर एवं दुर्गा मंदिर में दोपहर 12 बजे से भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया, अंत में ज्वारा एवं ज्योत विसर्जन के बाद नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव का समापन हुआ। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित सभी देवी मंदिरों एवं पंडालों में शारदीय नवरात्रि पर्व धूमधाम के साथ श्रद्धा व भक्ति पूर्वक मनाया गया।



# दुर्गा मंदिर में नौ कन्या भोज व भंडारे का आयोजन

**बालोद।** गंजपारा दुर्गा समिति द्वारा दुर्गा मंदिर बालोद में नवरात्र पर नौ कन्या भोज का आयोजन किया गया। शुक्रवार को मंदिर में हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया। इसके अलावा भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में सभी श्रद्धालुओं को टेबल में बिठाकर खिलाया गया। काफी श्रद्धालु इसमें शामिल हुए। ज्ञात हो कि नवरात्रि के अवसर पर श्री दुर्गा समिति द्वारा श्रीमद देवी भागवत का आयोजन किया गया। इसमें लाडली रुचिता तिवारी ने भागवत कथा का रसपान कराया। शुक्रवार को कथा का समापन हुआ रात्रि में रुचिता तिवारी अपनी टीम के साथ भजन प्रस्तुत की, इसमें श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।आयोजन में दुर्गा समिति के सदस्य गण व्यवस्थापक राजू पटेल, अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सचिव मनोज चांडक, सरक्षक टिकेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी जितेंद्र साहू, शंभू पटेल, संतोष शर्मा, गोविंद टावरी, धीरज दुबे, राजू देशमुख, बाबू भाई पटेल , जगदीश पटेल, राजा टावरी, पप्पू रघुवंशी आदि सक्रिय रहे।





# नारी शक्ति गरबा महोत्सव का हुआ सफल आयोजन

## नारी शक्ति की प्रतिभा एवं समाज मे उनके विचार व अस्तित्व को बनाये रखने हेतु कार्य म का आयोजन - विशाल मोटवानी

भास्कर दूत








**दल्लीराजहरा** – लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा के माँ गायत्री मंदिर प्रांगण में नारी शक्ति गरबा महोत्सव का आयोजन श्री राम नवमी उत्सव समिति राजहरा के अध्यक्ष विशाल मोटवानी के देखरेख में समाज मे नारी शक्ति को उभारने एवम समाज मे नारी शक्तियों एवम उनके प्रतिभा को उभारने के लिए 3 अक्टूबर से लेकर 11 अक्टूबर तक आयोजन किया गया। यह नारी शक्ति गरबा महोत्सव दल्लीराजहरा के इतिहास में पहली ऐसी गरबा महोत्सव है जो कि पूर्व में कभी नही हुआ है। जिसमे दल्लीराजहरा की नारियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा को समाज के बीच मे रखकर नारी शक्ति को उभारने का प्रयास किया। जिसमे रोचक गरबा ड्रेस, भारतीय वेशभूषा, फ्यूजन पोशाक, देश प्रेम, कृष्ण गोपी रास जैसे थीम का आयोजन किया गया। जिसमेबेस्ट कॉट्यूम ऑफ ईयर का पुरस्कार पुष्पा शंडालिये,बेस्ट प्रोफोमर ऑफ ईयर का पुरस्कार साक्षी मोटवानी,बेस्ट गरबा क्वीन ऑफ ईयर का पुरस्कार जानवी उदासी को दिया गया। तथा नारी शक्ति गरबा महोत्सव में आये सभी नारी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस सफल कार्यक्रम में जज के रूप में साक्षी खटवानी, स्नेहा दावड़ा, किटी दावड़ा, दीप्ति मैम ने अपनी मुख्य भूमिका निभाई एवम इस नारी शक्ति गरबा महोत्सव में मुख्यातिथि के रूप में राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी, गोवर्धन दास मोटवानी, सत्य साहू, रमेश जैन उपस्थित थे। हिन्दू हृदय सम्राट विशाल मोटवानी नारी शक्ति की प्रतिभा एवम समाज मे उनके अस्तित्व को बनाये रखने किया गया कार्यक्रम का आयोजन। श्रीराम नवमी उत्सव समिति के अध्यक्ष विशाल मोटवानी ने कहा कि हमारा समाज नारी के बिना अधूरा है, हमने समाज मे लौह नगरी की नारियों के अंदर छुपे प्रतिभा को बाहर निकालकर समाज मे कंधा से कंधा मिलाकर चलने हेतु प्रेरित करने के लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया है। जिसे हम अब प्रतिवर्ष आयोजन कर नारी शक्ति की प्रतिभाओं को समाज के बीच रखकर समाज की मानसिकता को बदलते हुए उन्हें आगे बढ़ाएंगे।

# रामू रोहरा ने जिला अस्पताल पहुंच पीड़िता के परिवार से की मुलाकात

## अच्छे ईलाज हेतु रायपुर रिफर करवाया

भास्कर दूत

**धमतरी।** धमतरी के समाचार पत्र में प्रकाशित खबर चार साल की नाबालिग से हैवानियत व डाक्टरों व्दारा ईलाज में कोताही प्रमुखता से प्रकाशित हुआ था जिसका संज्ञान लेते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा जी ने जिला अस्पताल पहुंचकर बच्ची एवं उनके परिवार से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। मौके पर उन्होंने जिला अस्पताल के डाक्टरों से बातचीत कर बच्ची की स्थिर स्थिति को देखते हुए उसे रायपुर रिफर करने को कहा जहां विशेषज्ञ डाक्टरों व्दारा मासूम का ईलाज हो सके। इस अवसर पर श्री रोहरा ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से दूरभाष पर चर्चा कर संबंधित विषय की जानकारी दी। स्वास्थय मंत्री ने भी उन्हें बच्ची की समुचित ईलाज का भरोसा दिया और अच्छे इलाज के लिए बच्ची को रायपुर के बड़े अस्पताल में इलाज के लिए स्थानांतरित कराया गया।







# भखारा में दशहरा की पूर्व रात्रि रावण के पुतले को किया आग के हवाले

## शासकीय वाहन में भी लगी आग

भास्कर दूत

**धमतरी /भखारा।** नगर पंचायत भखारा में दशहरा के अवसर पर रावण दहन की तैयारी की जा रही थी। इसी बीच अज्ञात तत्वों ने मध्य रात्रि में 40 फ़ीट रावण को आग के हवाले कर दिया। जिसकी वजह से शासकीय वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इसकी शिकायत थाने में कर दी गई है।

नगर वासियों की ओर से थाना भखारा में दिए आवेदन में बताया है कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नगर पंचायत भखारा के रामलीला मैदान में नगर वासियों के सहयोग से रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके लिए लगभग 40 फुट का पुतला बनाया गया था। नगर पंचायत के शासकीय वाहन लिफ्टर क्रेन जिसका प्रयोग रावण पुतला बनाने में किया जा रहा था। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि में रावण पुतला को आग के हवाले कर दिया। जिससे शासकीय वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

रामगोपाल देवांगन ने चर्चा के दौरान बताया कि पहले लाइट बंद किया गया इसके बाद पुतला को जलाया गया है। रात लगभग 12 बजे तक पूरी तैयारी करके सभी अपने घर चले गए थे। चारों तरफ लाइट जल रही थी। इसकी शिकायत कर दी गई है। शाम को रावण दहन के लिए नया पुतला तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में नगर पंचायत के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने कहा कि उन्हें सुबह-सुबह सूचना दी गई थी किसी अज्ञात में रावण के पुतले को आग लगा दिया है। जिससे वहां पर लिफ्ट क्रेन की टोकरी भी जल गई है। यह कार्यक्रम नगर वासियों के द्वारा बनाए गए विशेष समिति के द्वारा की जाती है। नया पुतला का निर्माण किया जा रहा है।



तैयार पुतला



आग के हवाले

# देवी मंदिरों में मनाया गया नवरात्र पर्व

भास्कर दूत

**अकलतरा।** देवी मंदिरों में आस्था के दीप जगमगा रहे हैं। नगर के आदि शक्ति मां महामाया मंदिर में 168 तेल ज्योति कलश, 185 घृत ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। नगर सहित आसपास के दुर्गा पंडाल व देवी मंदिर में इस अवसर पर बड़ी संख्या में देवी मां के दर्शन करने नगर वासियों की भीड़ उमड़ रही है। नवमी के दिन मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया है। ग्राम हरदी में स्थित आदि शक्ति मां महामाया मंदिर, परसाही बाना में स्थित विश्वेश्वरी देवी मंदिर, अमोरा में स्थित मां सिद्धदात्री दुर्गा मंदिर, महमदपुर में स्थित मां महामाया मंदिर, कोटगढ़ में स्थित भवानी मंदिर बरगवां, खटोला, पोडीदलहा, कोटमीसोनार, कापन, तरोद, किरारी, बनाहिल, झलमला, नरियरा, सोनसरी, आरसमेटा, परसदा सहित अन्य ग्रामो में नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है।



# हवन व कन्याभोज के साथ नवरात्र का समापन

भास्कर दूत

**खोखरा।** जांजगीर जिले के समीप ग्राम खोखरा के बाजार पारा माँ जगदम्बा सेवा समिति के द्वारा 25 सालो से प्रतिवर्ष माँ अम्बे की प्रतिमा विराजित की जाती है। नवरात्रि के 9 दिनों तक हर्षोल्लास मां अम्बे की सेवा पूजन मां अम्बे के समक्ष संगीतमय आरती बड़े धूमधाम से किया जाता है। नौ दिनों तक चलने वाली इस उत्सव का शुक्रवार 11 अक्टूबर को नवमी के दिन हवन और पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। समिति के ओर से मुख्य यजमान भवानी राठौर एवं उसकी धर्मपत्नी ने हवन की पूर्णाहुति की। समिति की ओर से 20 सालो से पूजा करते आ रहे पंडित दुर्गेश महाराज ने मंत्रोचारण हवन के साथ पूर्णाहुति कार्य सम्पन्न कराया। दुर्गेश महराज ने बताया कि समिति के द्वारा शारदीय नवमी के दिन हवन के बाद दुर्गा पंडाल में भव्य कन्या पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें छोटी-छोटी बच्चियों को इकट्ठा कर कन्याओं का पूजन किया गया। समिति के सदस्यों ने पहले विधि विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना की, उसके बाद कन्याओं का पूजन कर लाल चुनरी के साथ कई तरह के पकवान परोसे। 13 अक्टूबर को विधि-विधान के साथ कीर्तन बाजा से मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन मां मनका दाई तालाब मे किया जायेगा। उसके बाद समिति के द्वारा भंडारा कार्यक्रम भी सम्पन्न कराया जायेगा। हवन के इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य भीम राठौर, गणेश बरेठ, राजू राठौर, रामशंकर राठौर, राजेश राठौर, संदीप राठौर (बिट्टू) एवं पिंटू राठौर, मोनू राठौर उपस्थित रहे।



# महिला मोर्चा ने की दुर्गा आरती, क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए की कामनाएं

भास्कर दूत

**बालोद।** जिला महिला मोर्चा ने दुर्गा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा की आरती की। साथ ही क्षेत्र के लोगों की उन्नति की कामना की इस दौरान महिला मोर्चा महामंत्री डॉक्टर मोना टुवानी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रही।

नौ दिनों तक दुर्गा नवमी पर्व की बालोद में घूम रही। इस दौरान जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचल में मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजित की गई। इसके अलावा माता देवालयों में भी लोग पूजा अर्चना के लिए पहुंचते रहे। इसी तारतम्य में बालोद जिला महिला मोर्चा की महिलाओं ने भी विभिन्न दुर्गा पंडालों व देवी मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की। मां दुर्गा से जिलेवासियों की उन्नति व सुख समृद्धि की कामना की। दुर्गा पंडालों व मंदिरों में नौ कन्या भोज का भी आयोजन किया गया, जहां महिला मोर्चा की सदस्यों ने नवदुर्गा रूप में विराजित कन्याओं की पूजा अर्चना भी की व आशीर्वाद लिया।



# राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

भास्कर दूत

**जांजगीर-चांपा।** सत्यम नवदुर्गा सेवा समिति जांजगीर शारदा चौक में राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन का आयोजन 11 अक्टूबर को जांजगीर चांपा क्षेत्र के विधायक ब्यास कश्यप के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश पैगवार के अध्यक्षता, वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वरी यादव, प्रवर्तक सजल विधा, विजय राठौर, छंद एवं सजल गुरु के विष्टि आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के पूर्व समिति के सदस्यों नरेश पैगवार, विजय गढ़वाल, कमलेश ताम्रकार, देवा यादव, कार्तिक रत्नाकर, सोनू कारके, शनि प्रधान, लव डोंगरे, राहुल कारके, शनि डोंगरे आदि ने अतिथियों एवं कवियों का शाल, श्रीफल एवं पुस्तक भेंटकर पुष्प माला पहना कर स्वागत किया। कवि सम्मेलन में कोरबा की गजल कवियत्री संतोषी महंत श्रद्धा ने मां सरस्वती वंदना करके कवि सम्मेलन की शुरुआत की। रायगढ़ से गीत ग़ज़ल की मल्लिका प्रियंका गुप्ता प्रिया ने प्रेम रस पर गीत गाया। संचालन राजनांदगांव के हास्य कवि पदमालोचन शर्मा मुंहफट ने किया। दुर्ग के हास्य कवि गजराज दास महंत, बालोद के हास्य कवि डॉ. अशोक आकाश, जांजगीर के गीतकार सतीश सिंह, छंदकार संतोष कश्यप, सक्ती के शायर अनीश अरमान, गीतकार उमाकांत टैगोर, नई कविता रचनाकार दयानंद गोपाल, हास्य व्यंग्य कवि सुरेश पैगवार द्वारा अपने अपने विधा में कविता, गीत, गजल एवं उत्कृष्ट रचना के माध्यम से कवि सम्मेलन को ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उसी मंच पर कवि सम्मेलन के पूर्व प्रदेश के उत्कृष्ट मिमिक्री कलाकार अनूप श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न राजनेताओं, फिल्मी कलाकारो के आवाज में मिमिक्री का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दिनेश शर्मा पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस, विवेक सिसोदिया, प्राचार्य सुरेश यादव, नवनीत सिंह राठौर, पी.डी. महंत, रामजी सूर्यवंशी, रूपविलास चौरसिया उपस्थित थे। विधायक ब्यास कश्यप के पुत्र डॉ. लोकेंद्र कश्यप के दीर्घायु की कामना के साथ प्रसाद वितरण किया गया। वैद्य मोहित राम लाठिया द्वारा रचित, साहेब का जंजीरा, पुस्तक का विमोचन किया गया।



# और कितना फजीहत करवाओगे महोदय जी

भास्कर दूत

गुंडरदेही क्षेत्र के एक नेता को लेकर इन दोनों जमकर चर्चा है। बताया जाता है कि एक बैठक में उक्त नेता ने कुर्सी को लेकर विवाद छेड़ दिया। दर असल पीछे की कुर्सी में वह बैठना नहीं चाहता था और आगे की कुर्सी में अन्य कार्यकर्ता उसे बैठना नहीं देना चाहते थे। बड़ी मुश्किल से एक कोने में उसको कुर्सी मिली। उसके बाद स्वागत को लेकर भी मनमुटाव हो गया। जानकारी यहां तक है कि उक्त नेता द्वारा अब कुछ कार्यकर्ताओं के खिलाफ संगठन में शिकायत की गई है। बैठक में कुर्सी को लेकर चली लड़ाई को लेकर के कुछ लोगों ने तो यहां तक कह डाला कि और कितनी फजीहत करवाओगे महोदय जी दरअसल उक्त नेता बार-बार संगठन बदलने में माहिर है। इसकी वजह से कर्मठ कार्यकर्ता उन्हें कोई महत्व नहीं देते, इससे पहले भी कई बार उसे ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ चुका है।



**बालोद डायरी**

**- टीकम पिपरिया**

### हे भगवान दीपावली तक आचार संहिता ना लगे

इन दोनों पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव के इच्छुक लोगों के दिल की धुक-धुकी बढ़ी हुई है। इसका कारण यह है कि काफी दिनों से इन चुनाओं की चर्चा है। प्रशासन की तैयारी भी चल रही है। ऐसा लगता है कि कभी भी आचार संहिता लग जाएगी। इसीलिए ऐसे नेता भगवान से यही प्रार्थना कर रहे हैं कि दीपावली तक आचार संहिता ना लगे। अंदर ही अंदर अपनी स्थिति टटोल रहे एक नेता को बहुत पूछने पर बताया कि दिवाली पर्व में त्योहार के बहाने लोगों से मिलने का प्रोग्राम है, यदि आचार संहिता लग जाती है तो इन मुलाकातों में खर्चा बढ़ जाएगा, क्योंकि तब प्रत्याशी के रूप में सामने आना पड़ेगा। अभी तो परिवार के रूप में मुलाकात कर सकते हैं। इसके अलावा समर्थकों की त्योहारी डिमांड भी पूरी करनी पड़ेगी। आखिर चुनाव का मामला है किसी को मना भी नहीं कर सकते।

### चुनाव आचार संहिता के साए से दूर रहा इस बार का रावण

*पिछले बार विधानसभा चुनाव होने के कारण दशहरा का पर्व आचार संहिता के साए में मना था। मंच से राज नेताओं की दूरी थी। इस बार आचार संहिता जैसी कोई बात नहीं रही।इसकी वजह से इस साल का दशहरा पर कुछ अलग ही नजर आया। इस बार मंचीय कार्यक्रम भी जोरदार रहा। दशहरा देखने भी पिछले साल की तुलना में बहुत ज्यादा भीड़ इस बार रही। साथ ही वहां उपस्थित पूरे लोगों में उत्साह नजर आया। पिछली बार रावण जल्दी जल गया था, इस बार आराम से जला।*

दैनिक भास्कर दूत
हर खबर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024












# संस्कारधानी में जगह-जगह धूमधाम से मना विजयादशमी का पर्व

## रंगबिरगी भव्य आतिशबाजी के साथ हुआ रावण के पुतले का दहन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लोगों ने लिया आनंद

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर शनिवार को शहर के कई स्थानों पर आकर्षक आतिशबाजी और संगीतमय आयोजनों के बीच विशालकाय रावण पुतले का दहन किया। परंपरागत रूप से शहर में भव्य आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच रावण के पुतले का दहन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने और भव्य आतिशबाजी के नजारों को देखने के लिए जबर्दस्त जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान व्यवस्था को सुरक्षित और नियंत्रित करने में पुलिस जवानों को काफी मशक्कत करनी पड़ी, जिसके कारण पूरे कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए।

शहर में रावण पुतले का दहन को देखने के लिए शहर भर के ज्यादातर मैदानों में लोगों की खचाखच मौजूदगी रही। रावण दहन से पूर्व समितियों द्वारा विविध आयोजन भी किए गए। कार्यक्रमों के अंत में रावण पुतले का दहन किया गया। शहर की अलग-अलग रावण दहन समितियों के आयोजन में राजनीतिक दलों के लोग शामिल हुए। छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजित विजयादशमी महोत्सव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल हुए, जहां उन्होंने श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान बने पात्रों की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह पर्व हमें इस बात की सीख देता है कि अन्याय के खिलाफ न्याय का संघर्ष हमेशा विजयी दिलाने का आधार रहता है। हमें रावण रूपी अन्याय को खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे, खूबचंद पारख, मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, प्रदीप गांधी, भरत वर्मा, सौरभ कोठारी, नीलू शर्मा, शिव वर्मा, भावेश बैद सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। म्युनिसिपल हाईस्कूल मैदान में छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा रावण दहन के बाद गीत-संगीत से सजे कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई, जिसमें मुंबई से इंडियन आईडल की प्रतिभागी रही पार्श्व गायिका शनमुखा प्रिया ने अपनी टीम के साथ प्रस्तुति दी। सहायक गीतकार के रूप में अमय दाते ने शनमुखा प्रिया का साथ निभाया। प्रसिद्ध कलाकार सिद्धार्थ हाण्डा ने मंच संचालन किया।

### जीवन में बुराई को लेकर हमेशा संघर्ष करें- दीपक बैज

कमला कॉलेज मैदान में राजा दिग्विजय दास दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित विजयादशमी उत्सव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज शामिल हुए। श्री बैज ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते कहा कि दशहरा पर्व पर हम संकल्प लें कि जीवन में बुराई को लेकर हमेशा संघर्ष करें। अच्छाई ही मानवता को दिशा देती है। इस अवसर पर मलकित सिंह गेंदू, समिति के अध्यक्ष रूबी गरचा, युवक कांग्रेस नेता कोको पाढ़ी, शाहिद भाई, हेमा देशमुख, कुलबीर छाबड़ा, विरेन्द्र चौहान सहित कांग्रेसी व नागरिकण मौजूद रहे। कमला कॉलेज मैदान में भी राजा दिग्विजय दास दशहरा उत्सव समिति द्वारा विशालकाय रावण वध का कार्यक्रम किया गया। सालों से जारी रावण दहन कार्यक्रम की अलग पहचान बन चुकी है। रावण पुतला दहन कार्यक्रम में इस बार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज समेत अन्य कांग्रेसी शामिल थे। इसके साथ ही अन्य आयोजन भी हुए।

### स्टेट स्कूल मैदान में उमड़ा जनसैलाब

इसी तरह शहर के स्टेट स्कूल मैदान में राष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित विजयादशमी पर्व में जबर्दस्त जनसैलाब उमड़ पड़ा। यहां साधो बैंड पार्टी द्वारा संगीतमय प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान की पूजा अर्चना की गई। आखिर में रंगबिरंगी भव्य आतिशबाजी के साथ रावण के पुतला का दहन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरा स्कूल मैदान दर्शकों से खचाखव भरा रहा। इसी तरह गौरीनगर, लखोली सहित अन्य स्थानों पर भी रावण का पुतले का दहन किया गया। शहर के अलग-अलग स्थानों पर भव्य आतिशबाजी और रावण पुतला दहन को लोगों ने अपने मोबाईल में कैद किया। आकाशीय आतिशबाजी को लोगों ने अपने मोबाइल से कैद किया। भव्य रंगबिरंगी आकाशीय आतिशबाजी का लोगों ने जमकर आनंद लिया।

## दुर्गा चौक में भंडारा...



*राजनांदगांव (भास्कर दूत)। क्वांर नवरात्रि पर्व पर शहर के दुर्गा चौक में शतचंडी महायज्ञ के समापन के बाद भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया।*

# धोखाधड़ी; बुजुर्ग ने लगाई न्याय की गुहार



**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** शहर के पेंड्री वार्ड निवासी 60 वर्षीय होटल संचालक संतोष साहू ने पेंड्री के ही अटल विहार कॉलोनी के रहने वाले प्रणय गुप्ता के खिलाफ हजारों की धोखाधड़ी की शिकायत एसपी और कलेक्टर से की है।

शिकायती पत्र में संतोष साहू ने बताया है कि उनका पुत्र संदीप साहू जरूरत पडने़ पर प्रणय गुप्ता से ब्याज पर करीब 40000 ब्याज पर उठाया था। रकम को उसने (पिता संतोष साहू के माध्यम से) लौटा दी है। इसके बाद भी अनावेदक प्रणय गुप्ता ने संदीप साहू पर दबाव बनाकर बंधन बैंक मुख्य शाखा के कोरा चेक के साथ एक इकरारनामा निष्पादित करा लिया है। संतोष साहू ने बताया है कि कोरा चेक और इकरार नामा के संबंध में प्रणय गुप्ता से पूछे जाने पर उन्होंने धमकी देकर कहा कि ब्याज पर दी गई राशि की पूरी अदायगी नहीं की है। जब आप मुझे मेरा पैसा लौटा दोगे, तब मैं चेक आपको वापस लौटा दूंगा। आवेदक श्री साहू ने बताया कि श्री गुप्ता को यह पता था कि उनके खाते में राशि नहीं है। फिर फंसाकर पैसा वसूलने की नीयत से उसने चेक का अनादरण करा दिया और पुत्र को झूठे केस में फंसा दिया गया। उन्होंने बताया कि अनावेदक द्वारा बार-बार धमकी दिये जाने और झूठे प्रकरण में फंसाने के कारण पुत्र संदीप सहित परिवार के अन्य सदस्य डरे हुए हैं। अनावेदक पक्ष से जान माल के नुकसान की आशंका बनी हुई है।

### गुप्ता के खिलाफ पहले से दर्ज है मामला

कलेक्टर-एसपी से शिकायत करते हुए संतोष साहू ने यह भी बताया है कि अनावेदक प्रणय गुप्ता आदतन बदमाश है और उसके खिलाफ ठेलकाडीह थाना में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज है। उस प्रकरण में जमीन को गिरवी रखने व फर्जी तरीके से जमीन का विक्रय किए जाने का अपराध पंजीबद्ध है। वह इसी प्रकार लोगों के साथ धोखाधड़ी करने का आदी है, इसलिए जांच करा कर दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

# ओवरटेक से नाराज होकर कार को लूटने वाले तीन गिरफ्तार

## चौपाटी के पास वारदात, लूटी गई कार सहित सारे सामान बरामद



**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** शहर के चौपाटी के पास शनिवार की शाम को एक कार में सवार दंपत्ति के ओवरटेक करने से नाराज तीन युवकों ने पति की बेदम पिटाई कर दी और उनकी आल्टो कार और नगदी लेकर फरार तीनों आरोपियों को बसंतपुर पुलिस ने देर रात गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार दशहरा पर्व पर स्थानीय तलसीपुर के रहने वाले विजय कश्यप अपनी पत्नी धनेश्वरी कश्यप को लेकर कार में चौपाटी पहुंचे थे। उस दौरान एक स्कार्पियो को कश्यप ने ओवरटेक किया। इस बात से नाराज होकर स्कार्पियो में सवार दीपक मेश्राम, रितेश गुप्ता और डिकेश्वर साहू ने आगे जाकर दंपत्ति की कार को रोका। तीनों ने कार में पति की जमकर धुनाई कर दी। उस दौरान बगल सीट पर बैठी उसकी पत्नी मदद के लिए गुहार लगाती रही। मारपीट के बाद तीनों आरोपी दंपत्ति की आल्टो कार को लेकर फरार हो गए। इस मामले में धारा 309 (6), 3 (5) बीएनएस का अपराध दर्ज कर तत्काल पतासाजी की गई और देर रात तीनों आरोपियों को दबोच लिया गया। बसंतपुर पुलिस ने आरोपियों द्वारा प्रार्थी से लूटे गए नगदी रकम 20 हजार रूपए, एक नग सोने की चैन कीमती 30 हजार रूपए, मोबाईल फोन कीमती 10 हजार रूपये एवं आल्टो कार कीमती 3,50,000 रूपए को बरामद कर लिया है। आरोपियों के नाम दीपक मेश्राम पिता हरीश मेश्राम 29 साल बौद्ध विहार बसंतपुर, रितेश गुप्ता पिता शंकर प्रसाद गुप्ता 30 वर्ष मिलचाल बल्देवबाग एवं डिकेश्वर साहू पिता महेंद्र साहू 29 साल निवासी इंदामरा थाना लालबाग हैं। तीनों को आज रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### लूट का एक और आरोपी पकड़ाया



इसी तरह बसंतपुर पुलिस ने लूट के एक अन्य मामले में फरार आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से घटना में प्रयुक्त धारदार नुकीला चाकू एवं नकली पिस्टल को बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रं. 453/2024 धारा 311 बीएनएस पंजीबद्ध है। आरोपी आदतन अपराधी जो 15 दिन पूर्व ही जेल से रिहा हुआ था। गठित टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आदतन अपराधी तरूण पवार पिता राजू पवार उम्र 23 वर्ष निवासी नंदई चौक को धारदार चाकू एवं नकली पिस्टल दिखाकर प्रार्थी बिसेलाल साहू से नगदी रकम 6000 रूपये एवं मोबाईल तथा मोटर सायकल की चाबी लूटने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा गया।

# ज्योति कलशों का विसर्जन



**बेलगांव (भास्कर दूत)।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ में शारदीय नवरात्रि के समापन पर माँ बम्लेश्वरी में श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्जवलित किए गए ज्योति कलशों का विसर्जन शनिवार को धूमधाम से किया गया।

# सदस्यता अभियान आज दो स्थानों पर

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के क्रम में सोमवार 14 अक्टूबर को दीनदयाल कॉलोनी तथा जयस्तंभ चौक में भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। मनोज निर्वाणी ने बताया कि सदस्यता अभियान जयस्तंभ चौक में प्रातः 10 बजे से और दीनदयाल कॉलोनी में शाम चार बजे से चलाया जाएगा।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी,
स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता : इण्डस्ट्रियल एरिया, जी.ई.रोड़, राजनांदगांव
मो.9406011669

# शरद पूर्णिमा पर भगवान सत्यनारायण का दुग्धाभिषेक

## 16 अक्टूबर की रात्रि में बंटेगी अमृत युक्त खीर



**राजनंदगांव (भास्कर दूत)।** श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति शरद पूर्णिमा पर 16 अक्टूबर को मंदिर में विराजित भगवान श्री सत्यनारायण का दुग्धाभिषेक किश जाएगा। साथ ही मध्य रात्रि में अमृत युक्त खीर का वितरण भक्तों को किया जाएगा।

मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, सचिव सुरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष नाथा भाई रायचा, कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल, सहसचिव रामावतार जोशी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार समिति द्वारा अनेक वर्षों से श्री सत्यनारायण भगवान के दुग्धाभिषेक की परंपरा प्रारंभ की गई है। शरद पूर्णिमा 16 अक्तूबर बुधवार को सुबह नौ बजे से 10 बजे तक भगवान श्री सत्यनारायण का दुग्धाभिषेक कोई भी भक्त अपने घर से दूध लाकर स्वयं अपने हाथों से कर सकता है। वर्ष में केवल एक दिन ही यह अवसर श्रद्धालुओं को प्राप्त होता है, जब वे मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर अपने हाथों से दूध से अभिषेक कर सकते हैं। मंदिर समिति पिछले 80 वर्षों से शरद पूर्णिमा पर अमृतयुक्त खीर का वितरण करते आ रही है। इस वर्ष भी 16 अक्तूबर बुधवार को मध्यरात्रि को भगवान की आरती पश्चात अमृतयुक्त खीर का वितरण किया जाएगा।

# कांग्रेस नेता की गुंडागर्दी; जुर्म दर्ज

## मोतीपुर के युवक को बेहोश होते तक पीटा

भास्कर दूत



**राजनांदगांव।** नगर निगम की कांग्रेस पार्षद नजमा बेगम के पुत्र और शहर के उत्तर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली की गुंडागर्दी सामने आई है। उसने अपने भाई अनीश अली के साथ मिलकर मोतीपुर के लोकेश यादव नामक युवक को हाथ-मुक्के और बेल्ट से इतना मारा है कि वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गया है।

चिखली पुलिस चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेशन पारा निवासी कांग्रेस नेता आसिफ अली और उसके भाई अनीश अली ने एकराय होकर दशहरा की रात्रि 7.30 बजे स्टेशन पारा के ही डायमंड टेलर दुकान के पास पुरानी रंजिश को लेकर स्थानीय मोतीपुर निवासी युवक लोकेश यादव को हत्या की धमकी देते हुए बुरी तरह मारा-पीटा। बेल्ट और हाथ मुक्के से मारकर उसकी नाक को ही फोड़ दिया है। लोकेश को लहूलुहान हालात में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जो बेहोशी की हालात में है। घायल लोकेश यादव की पत्नी श्रीमती चंचल यादव 23 वर्ष की रिपोर्ट पर चिखली पुलिस ने 12 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे दोनों भाइयों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 296, 351(2)3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कियाहै।

PRIYA NURSING CARE HOME SERVICE
प्रिया होम नर्सिंग केयर सर्विस
घर पहुंच सेवायें
Caring Patient At Your Home
आपके प्रिय जनों की देखभाल करने के लिए घर पहुंच नर्सिंग सेवा उपलब्ध
नर्सिंग सर्विसेस
- पेशेंट केयर टेकर
- होम केयर टेकर मेल/फिमेल
- विशिष्ट गृह नर्सिंग सेवा
- नर्सिंग स्टाफ, वार्ड बॉय
- घाव स्टीचिंग एवं ड्रेसिंग
- फिजियोथेरेपी
- ब्लड प्रेशर एवं शुगर चेक
- पैथोलॉजी - सेम्पल कलेक्शन
- पेरीटोनियल डायलिसिस
- बेड पेशेन्ट होम नर्सिंग केयर
- नेबुलाइजेशन एवं ऑक्सीजन थैरेपी
- वृद्ध बुजुर्गों की देखभाल (होम टेकर)
- एम्बुलेंस सुवधिा उपलब्ध 24 घण्टे
मेडिकल इक्यूपमेंट रेंटल
- पेशेंट बेड
- व्हील चेयर
- ऑक्सीजन सिलेंडर
- सक्शन मशीन
- ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर
- एअर मेट्रस
- पोर्टेबल वेन्टीलेयर
- न्यूट्रिशनिस्ट कंसल्टेंसी
- श्वसन यंत्र (वेंटिलेयर सुविधा)
- विपेप, सीपेप मशीन
24 घण्टे नर्सिंग सेवा सर्विस
सभी मेडिकल इक्यूपमेंट किराये पर उपलब्ध
BED RIDDEN मरीजों की सम्पूर्ण देखभाल
होम आईसी यू सेट अप
मां पाताल भैरवी मंदिर रोड़ राजनांदगांव (छ.ग.)
9685280516, 8009575661

राजधानी फ्रंट पेज

दैनिक **भास्कर दूत**
हर ख़बर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024


# AK 47 की सुरक्षा में झारखंड से रायपुर लाया जा रहा गैंगस्टर अमन साहू

भास्कर दूत

रायपुर। झारखंड के गिरिडीह जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को प्रोटेक्शन वारंट के तहत रायपुर लाया जा रहा है।



अमन साहू पर कई कारोबारियों से वसूली और तीन माह पहले राजधानी रायपुर में तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के दफ्तर के बाहर फायरिंग करने जैसे गंभीर आरोप हैं, जिसके चलते पुलिस उसे रायपुर लाकर आगे की जांच करेगी।

जानकरी के मुताबिक, रायपुर क्राईम ब्रांच की 10 सदस्यीय बड़ी टीम हथियारों से लैस झारखंड से रायपुर के लिए रवाना हो चुकी है। अमन साहू को झारखंड से रायपुर

## कारोबारी पर जेल से करवाई थी फायरिंग

तक लाने के लिए सुरक्षागत दृष्टि से अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है। रायपुर क्राईम ब्रांच टीम समेत झारखंड पुलिस के 30 अधिकारी और एके-47 बंदूक से लैस जवान अमन को रायपुर ला रहें है, ताकि किसी भी तरह की अपराधिक घटना न हो। ऐसा पहली बार है जब किसी अपराधी को दूसरे राज्य से इतनी कड़ी सुरक्षा के बीच रायपुर लाया जा रहा है।

गौरतलब है कि अमन साहू को प्रोटेक्शन वारंट में रायपुर लाने स्थानीय पुलिस कोर्ट से पांच से छह बार प्रोटेक्शन हासिल कर चुकी है, लेकिन अब तक अमन को रायपुर नहीं लाया जा सका। अब कोर्ट ने अमन साहू और उसके दो गुर्गे विक्रम सिंह और आकाश राय उर्फ मोनू के खिलाफ प्रोटेक्शन वारंट जारी किया है। तीनों अभी गिरडीह जेल में बंद हैं। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि विक्रम सिंह और आकाश राय भी अमन के साथ रायपुर लाए जा रहे है या नहीं।

### झारखंड में अमन के खिलाफ दर्ज हैं दर्जनों मामले

***अमन के खिलाफ झारखंड में दर्जनों मामले दर्ज हैं। हर दूसरे-तीसरे दिन झारखंड के अलग-अलग कोर्ट में वर्चुअल सुनवाई होती है। इसके साथ ही वह हार्डकोर अपराधी है। इस लिहाज से गिरिडीह जेल प्रशासन अमन की पेशी और सुरक्षा का हवाला देकर अमन को प्रोटेक्शन वारंट में भेजने से बचती है।***

# ट्रैक्टर के पलटने से ट्राली में सवार तीन लोगों की मौत

## आधा दर्जन से अधिक घायल

भास्कर दूत



**जशपुर।** सड़क पर अनाड़ी हाथों में तेज दौड़ती गाड़ियां राहगीरों के साथ-साथ सवारों लोगों के लिए भी जानलेवा साबित होती है. ऐसा ही वाकया जशपुर जिले में आज तड़के हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर के पलटने से ट्राली में बैठे तीन सवारों की मौत हो गई, वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए. दो घायलों की हालत गंभीर है.

जानकारी के अनुसार, दहशरा पर्व के मौके पर सुरेशपुर हर्रामार गांव में नाटक का आयोजन किया गया था. जिसे देखने के लिए पंडरीपानी से करीब 30 ग्रामीण ट्रेक्टर ट्राली में सवार होकर गए थे. नाटक देखने के बाद लौटते समय रविवार की तड़के 4 बजे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मिर्जापुर गांव के समीप सड़क के किनारे पलट गई.

ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबने से 2 महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई. वहीं आठ लोग घायल हो गए. आनन- फानन में एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को सिविल अस्पताल पत्थलगांव में भर्ती कराया गया हैं. समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची थी. वहीं घटनास्थल पर लोगों की हुजूम उमड़ा हुआ है. घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है.

# सुश्री रीता शांडिल्य छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की सेवानिवृत्त अधिकारी सुश्री रीता शांडिल्य को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। इस आशय का आदेश छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर से जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार सुश्री शांडिल्य को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के प्रशासनिक कर्तव्यों का पालन करने के लिए भी अधिकृत किया गया है।

# ठंड से पहले छत्तीसगढ़ के कई जिलों में होगी बारिश

## *मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक बारिश की चेतावनी की जारी...*

भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में ठंड से पहले एक बार फिर से बारिश होने वाली है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दो से तीन दिन के भीतर मौसम बदल सकता है। कई जिलों में तेज आंधी-तूफान के साथ झमाझम बरसात हो सकती है।

मौसम वैज्ञानिकों ने जिन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है उनमें, सरगुजा, कोरबा, गौरेला, कबीरधाम, कोंडागांव, बस्तर, नारायणपुर, बीजापुर, सूकमा, मुंगेली, बिलासपुर, सरगुजा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, जशपुर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में गरज-चमक और आंधी के साथ बारिश हो सकती है।




**प्रदेश के रायपुर तथा सरगुजा संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक, जगदलपुर संभाग में अधिकतम तापमान सामान्य तथा शेष सभी संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य रहे। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 36.1 तापमान 36.1 सी एआरजी डोंगरगढ़ में तथा सबसे कम न्यूनतम 19.7 डीग्री सेल्सीयस, एडब्लयूएस नारायणपुर में दर्ज किया गया...**

रायपुर मौसम विभाग के मुताबिक, 11 अक्टूबर को दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी उत्तर छत्तीसगढ़ से प्रारंभ हो गई है। मानसून वापसी की रेखा दरभंगा, हजारीबाग, पेंड्रा रोड, नरसिंहपुर, खरगांव, नंदुरबार, नवसारी, से होकर गुजर रही है। आज प्रदेश के कई जिलों में आकाश आंशिक मेघमय रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश 35 डीग्री सेल्सीयस औश्र 25 डीग्री सेन्सीयस रहने की संभावना है। छत्तीसगढ़ में बारिश के आंकड़े राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1174.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 12 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2444.3 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 609.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

# जिला मुख्यालय बलौदा बाजार प्रशासन की व्यवस्था फेल

## सड़कों पर भारी जाम, यातायात नियंत्रण नदारद

भास्कर दूत

**बलौदा बाजार।** जिला मुख्यालय बलौदा बाजार में प्रशासनिक व्यवस्था की कमी के चलते सड़कों पर भारी जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। दुर्गा विसर्जन व चल समारोह के दौरान मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई, जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों को एक-एक इंच आगे बढ़ने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन की लापरवाही के चलते दुर्गा उत्सव समिति के प्रमुख विसर्जन कार्यक्रमों के दौरान यातायात नियंत्रण की कोई स्पष्ट योजना नहीं बनाई गई। मुख्य मार्ग पर फैले इस जाम के कारण आम नागरिक, एंबुलेंस, और आवश्यक कार्यों के लिए निकले लोग परेशान हो रहे हैं।







स्थानीय नागरिकों का कहना है कि दुर्गा माता की विदाई खुशी का अवसर है, लेकिन प्रशासन की असंगठित व्यवस्था ने इसे कठिनाई का कारण बना दिया है। सवाल यह उठता है कि माता की विदाई अगर किसी की तकलीफ के कारण हो, तो माता कैसे खुश होंगी? प्रशासन की ओर से इस स्थिति पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, और जिम्मेदार अधिकारी अब भी मौन हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 16 अक्टूबर को सिंगारपुर मावली में होगा धोबी समाज के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**बलौदा बाजार-भाटापारा।** लवन, कोलिहा आशी न्यूज एजेंसी धोबी समाज द्वारा समाज में बेहतर शिक्षा एवं संस्कार पर विशेष जोर देने के साथ-साथ समाज द्वारा अब धार्मिक क्षेत्र में भी विशेष रुचि ले रही है लगभग सभी ऐतिहासिक स्थानों पर समाज द्वारा मंदिरों का भी निर्माण किया जा रहा है इसी कड़ी में धोबी समाज तरेंगा राज एवं मल्हार राज के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 16 अक्टूबर दिन बुधवार को सुबह 10 बजे से श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण सिंगारपुर मावली में पंडित लखन लाल उपाध्याय जरौद वाले के सानिध्य में पूर्ण विधि विधान के साथ संपन्न होगा। नव निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने तरेंगा राज अध्यक्ष त्रिलोचन रजक सचिव नारायण निर्मलकर सहसचिव ईश्वर प्रसाद रजक शंकर रजक मनोज निर्मलकर लाला रजक राजेंद्र निर्मलकर परशु रजक प्यारे रजक गन्नू लाल रजक एवम सामाजिक पदाधिकारी जुटे हुए हैं। तरेंगा राज के पदाधिकारिया ने प्रदेश पदाधिकारियो बलौदाबाजार जिला पदाधिकारियो एवम लवन परिक्षेत्र के पदाधिकारियो को कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।



# रावण संवाद के लिए लगाए गए स्काई लिफ्ट के पलटने से राम, लक्ष्मण और हनुमान हुए चोटिल

भास्कर दूत

**जांजगीर-चांपा।** रावण दहन कार्यक्रम के दौरान रावण संवाद के लिए लगाया गया स्काई लिफ्ट पलट गया. हादसे में राम, लक्ष्मण और हनुमान को जहां चोट आई, वहीं तीन दर्शक को गंभीर रूप से घायल हो गए. इनमें से एक को बिलासपुर रेफर किया गया है. चांपा के भालेराय मैदान में शनिवार को रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था.



कार्यक्रम में सांसद कमलेश जांगड़े के अलावा कलेक्टर आकाश छिकारा और एसपी विवेक शुक्ला मौजूद थे. रावण संवाद के लिए बेन स्काई लिफ्ट लाया गया था, जो अचानक पलट गया. हादसे में राम, लक्ष्मण और हनुमान का पात्र निभा रहे कलाकार को हल्की चोट आई, वहीं नीचे खड़े तीन दर्शक गंभीर रूप से घायल हो गए. इनमें से एक अवधेश सिंह के दोनों पैर का घुटना टूट गया, जिसे उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया. स्काई लिफ्ट के नीचे गिरने की घटना कुछ देर तक दर्शकों को समझ में नहीं आई. जब स्काई लिफ्ट की बात फैली तो दर्शकों में अफरा-तफरी मची. घायलों को किसी तरह से बाहर निकाल उपचार के लिए रवाना किया गया. इस तरह से 15-20 मिनट की हलचल के बाद रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न किया गया. सांसद, कलेक्टर और एसपी की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में आयोजक समिति की इस तरह की लापरवाही पर लोग सवाल उठा रहे हैं.

# आज दुर्गा विसर्जन के लिए सबसे शुभ मुहूर्त, माता की विदाई में गांधी चौक दुर्गा उत्सव समिति

भास्कर दूत

**बलौदा बाजार** की गांधी चौक दुर्गा उत्सव समिति शहर की सबसे प्रमुख समितियों में से एक है। यहां की पूजा पद्धति और भक्तों के लिए प्रसाद भंडारे की व्यवस्था पूरे 9 दिन के उत्सव के रूप में की जाती है। माता जी की विदाई के लिए ओडिशा से ढोल और अन्य राज्यों से कीर्तन समिति आई हुई है। पूरे शहर का माहौल भक्ति और श्रद्धा से भरा हुआ है, और माता की विदाई के समय सभी श्रद्धालु भावुक होते हुए भी उत्साह के साथ इस विदाई उत्सव में भाग ले रहे हैं। विसर्जन से पहले देवी प्रतिमा और जवारों के विसर्जन के समय हाथ में चावल व फूल लेकर यह मंत्र बोलें - गच्छ गच्छ सुरश्रेष्ठे स्वस्थानं परमेश्वरि। पूजाराधनकाले च पुनरागमनाय च।। इसके बाद मां दुर्गा से क्षमा याचना करें और घर की सुख-शांति के लिए प्रार्थना करें।

### सजगता से करें माता का विसर्जन

मां दुर्गा के साथ ज्वारे, घटस्थापना का नारियल, और जल को नदी या तालाब में प्रवाहित करें। विसर्जन से पहले थोड़े से ज्वारे अपने पास रख लें, जिन्हें तिजोरी में रखने से धन में बरकत होती है।

दुर्गा विसर्जन के समय माता की प्रतिमा को जल में झटके से नहीं फेंकना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से देवी नाराज हो सकती हैं। प्रतिमा को धीरे-धीरे जल में प्रवाहित करें ताकि श्रद्धा और सम्मान बना रहे।

बलौदा बाजार का पूरा शहर इस भावुक विदाई समारोह में माता की आराधना और उनके लौटने की आशा के साथ शामिल है।

# ढाई साल पहले हो गए रिटायर | तीसरी पीढ़ी रह रही शासकीय आवास में

भास्कर दूत

**अभनपुर।** अभनपुर ब्लॉक कॉलोनी में स्थित जी टाइप आवास में निवास रत अधिकारी का रिटायरमेंट ढाई साल पहले 30 जून 2022 को हो गया है उसके बाद भी आज तक उनके द्वारा मकान को खाली नहीं किया गया है इस बाबत उनके विभाग के अलावा लोक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की गई ।





**3 बार ट्रांसफर फिर भी मकान खाली नही किए**

### क्या है खासियत आवास की

अभनपुर की सबसे पुरानी सरकारी कालोनी में प्राइम लोकेशन पर है उनका जी टाइप आवास जो अभनपुर जैसी छोटी जगह पर सबसे बड़ा मकान कहलाता है उसमें अतिरिक्त कमरे और अन्य व्यवस्था संसाधन भी लोक निर्माण विभाग द्वारा जुटाए गए हैं जिसके कारण और भी सुविधाजनक हो चुका है । आवास से लगे हुए सारे ही सरकारी कार्यालय हैं । सभी प्रकार की दुकान मार्केट के अलावा साप्ताहिक बाजार भी इसी जगह में भरता है यानी कि आसपास के क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति इस जगह में आता ही आता है मैदान और खुली जगह होने से गाड़ी पार्किंग की कोई दिक्कत नहीं होती है ब्लॉक स्तर के अधिकांश कर्मचारी अधिकारी भी इसी कॉलोनी में रहते हैं । ब्लॉक स्तर का अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भी यहीं पर है साथ में अन्य सारे विभाग भी इसी कैंपस में बने हुए हैं ।

### तीसरी पीढ़ी रह रही शासकीय आवास में

3 बार ट्रांसफर फिर भी मकान खाली नही किए

अभनपुर ब्लॉक कॉलोनी में जी टाइप आवास में 43 साल से निवास रत अधिकारी ने प्रभाव के कारण बेटी के नाम पर मकान आबंटित करा दिया और परिवार के नाती पोतों के साथ मजे से रह रहे हैं । सूत्रों के अनुसार

ब्लॉक स्तर के सबसे बड़े पद पर रहने के कारण आने वाले कोई भी अधिकारी कर्मचारी के पास अच्छा प्रभाव होने के कारण आवास को रिटायर होने के 6 माह के आसपास बेटी के नाम से आवंटित करा लिया गया और अब वहां पर सपरिवार बेटे बेटी नाती पोतों के साथ रह रहे हैं। चर्चा है कि जिस बेटी के नाम से मकान को आवंटित कराया गया है उसका जन्म भी इसी घर में हुआ है जो अब सरकारी स्कूल में शिक्षिका है । इस तरह से चर्चित अधिकारी की तीसरी पीढ़ी को भी काफी दिन हो चुके हैं वर्तमान परिस्थिति से अनुमान लगाया जाय तो चौथी पीढ़ी भी आ जाय तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

### आखिर वजह क्या होगी सरकारी मकान खाली न करने की तरह तरह की जन चर्चा मे लोगों के अनुमान

अभनपुर की ब्लॉक कॉलोनी स्थित शासकीय जी टाइप आवास जिसमें सेवानिवृत्ति के बाद भी पूर्व अवंटी रह रहा है वर्तमान में अपनी बेटी के नाम से मकान को आवंटित करा दिया है । इस पर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं कि आखिर इस मकान को न छोड़ने के पीछे क्या राज सकता है ? सूत्रों के अनुसार कुछ लोगों का कहना है कि इस मकान से उनको बहुत तरक्की मिली है इसलिए नहीं छोड़ना चाहते हैं , कुछ लोगों का कहना है कि शासकीय कमाई वाले विभाग से ऊपरी कमाई से जो धन इकट्ठा किया गया होगा , सोना चांदी आदि जमा किया गया होगा उसको पुराने जमाने के सुरक्षा के हिसाब से उसी मकान के अंदर जमीन खोदकर गड्ढे में रखा गया होगा जो भूल जाने के कारण खोज नहीं पा रहे होंगे इसलिए किसी भी कीमत में उस मकान को नहीं छोड़ रहे हैं यह लोगों का अनुमान है जो चर्चाओं में सुना गया है सच्चाई क्या होगी यह कोई दीगर व्यक्ति नहीं बता सकता ।

### नए आबंटी ने 3 माह बाद मकान को अधिपत्य में लेने की सूचना दी

अभनपुर ब्लॉक कॉलोनी स्थित जी टाइप आवास जो पूर्व अवंटी अधिकारी द्वारा अपनी बेटी के नाम से आवंटित कराया गया इस मकान में पूर्व से ही वह बेटी रह भी रही थी उसकी पढ़ाई से लेकर नौकरी तक इसी घर से हुई । फिर भी उसने अपने नाम पर आबंटित मकान को अधिपत्य में लेने की सूचना लोक निर्माण विभाग अभनपुर को ढाई महीने बाद दिया इससे पता लगता है कि उसके नाम से मकान आबंटन की जानकारी उसको नहीं थी । अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभनपुर के कार्यालय में इस संबंध में जानकारी ली गई तो ज्ञात हुआ कि वर्तमान आवंटी कभी भी इस कार्यालय में मकान आवंटन के सिलसिले में नहीं आया है । पूर्व आवंटी द्वारा मकान खाली करने की सूचना देने की कोई जानकारी लोक निर्माण विभाग को नहीं मिली जबकि नियम कुछ और ही कहता हैं ।

### लोक निर्माण विभाग ने नही की कोई कार्यवाही

कोई भी शासकीय आवास लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत होता है जिसका मेंटेनेंस करना व किराया वसूलने का अधिकार होता है पूर्व में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ही आवास आवंटन का कार्य भी करते थे परंतु कुछ समय से यह व्यवस्था कलेक्टर या अनविभागीय अधिकारी राजस्व की जिम्मेदारी में कर दी गई है । मकान में कौन कब आया , किसके नाम से कौन सा मकान आवंटित हुआ, किसका ट्रांसफर हुआ किसने मकान खाली किया , किसने मकान खाली नहीं किया, किसने मकान अधिपत्य में लिया किसने मकान अधिपत्य में नहीं लिया आदि आदि सारा रिकॉर्ड किराया वसूली करने तक लोक निर्माण विभाग करता है । यहां पर अधिकारी का तीन बार स्थानांतरण होने के बाद भी मकान खाली कराने की पहल लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं की गई , ढाई वर्ष पहले सेवानिवृत होने वाले अधिकारी से भी मकान खाली कराने की कोई पहल नहीं की गई, गंभीर बात यह




है कि सेवानिवृत्ति के बाद किसी भी प्रकार से पेंशन से कोई कटौती करने का प्रावधान नहीं है जिसके कारण स्वाभाविक तौर पर मकान का किराया नहीं काटा गया फिर भी विभागीय अधिकारियों ने कोई कार्रवाई न हीं मकान खाली कराने की, की गई और ना ही किराया वसूलने की कार्रवाई की गई । जैसा की नियम की जानकारी प्राप्त हुई कि कोई भी व्यक्ति सेवानिवृत्ति के बाद एक महीने तक मकान में रह सकता है , सेवानिवृत हो ट्रांसफर हो या अन्य किन्हीं कारणों से मुख्यालय बदलने से एक महीने तक ही रह सकता है उसके बाद आबंटन अधिकारी से अनुमति लेने पर अधिकतम 6 माह तक रह सकता है । परंतु किराया समय पर पटाना अनिवार्य होता है । किराया पटाने की जो व्यवस्था है कि वह निर्धारित किराया ट्रेजरी में जमा कर विभाग के पास लिखित में जानकारी देगा यह काम केवल 6 महीने तक यानी की अनुमति की अवधि तक ही संभव है ।

...**शेष अगले अंक में** ...

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक- **दुष्यन्त दास** द्वारा 602, अशोका रत्न, ब्लॉक नं. 14, 6th फ्लोर शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एन्ड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग , मोवा-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रित । मो. 9406242401, (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा)। Email- bhaskardootraipur1@gmail.com